डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
28 जून 2024
शुक्रवार

**आज का मौसम**
34 अधिकतम
26 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो



Page- 7

## राहुल बोले- पहले नीट पर चर्चा हो, ममता ने कहा समाप्त करें नीट

# संसद में नीट पर विपक्ष का जोरदार हंगामा, एक जुलाई तक स्थगित

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

नीट की परीक्षा में सामने आई गड़बडी पर आज संसद में जमकर हंगामें के हालात रहे हैं। लोकसभा और राज्यसभा में हंगामे के चलते कार्रवाई एक जुलाई तक स्थगित कर दी गई है। इससे पहले दोनों सदनों की कार्रवाई कुछ देर के लिए दो बार स्थगित करनी पड़ी थी।

कांग्रेस समेत विपक्ष का कहना था कि सरकार नीट पर पहले चर्चा कराए। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नीट



मुद्दा उठाया और विपक्षी सांसदों के साथ मिलकर इस मामले पर चर्चा की मांग की। राहुल ने कहा, ...हम विपक्ष और सरकार की ओर से भारत के छात्रों को एक संयुक्त संदेश देना चाहते हैं कि हम इस मुद्दे को जरूरी मानते हैं। इसलिए, हमने सोचा कि छात्रों के सम्मान के लिए हम आज नीट पर चर्चा करेंगे। आज नीट पर विपक्ष ने अपने तेवरों का संकेत संसद की कार्रवाई शुरू होने से पहले ही दे दिया था और बाद में सदन में भी जोरदार मांग उठाई। कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि संसद में पहले नीट पर बहस होनी चाहिए। जबकि आज संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा है। राहुल ने कहा कि मेरी प्रधानमंत्री से रिक्वेस्ट है कि पहले नीट पर बहस हो और उसके बाद राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा कराई जाए। बाद में सदन भी यही मांग उठाई। उन्होंने स्पीकर से इसके लिये कुछ मिनट का वक्त मांगा। बाद में हंगामा शुरू होग गया। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजीजू ने कहा कि सरकार हर मामले में जवाब देने के लिये तैयार है।




### पुरानी पध्दति लागू करने की मांग

**उधर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नीट पर प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर नीट को समाप्त करने की मांग की है। उन्होंने लिखा है कि नीट समाप्त कर पुरानी व्यवस्था लागू की जाए। उल्लेखनीय है कि पुरानी व्यवस्था के अंतर्गत राज्य सरकारों द्वारा नीट परीक्षा का आयोजन कराया जाता था। उन्होंने कहा कि ताजा घटनाएं न सिर्फ देश में मेडिकल परीक्षा की गुणवत्ता से समझौता हैं बल्कि इसका देश में स्वास्थ्य सेवाओं पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है।'**



### देवगौडा ने हाथ जोड़कर कहा.. जिम्मेदारी लेना होगी



नीट पर आज संसद में पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा ने भी मुद्दा उठाया। पूर्व पीएम ने राज्यसभा में जांच जारी होने का उल्लेख किया और कहा कि हमें सामूहिक जिम्मेदारी लेनी होगी। देवेगौड़ा ने हाथ जोड़कर सदन से यह निवेदन किया। वहीं भाजपा के राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा की शुरुआत की और ओडिशा में पहली बार सरकार बनाने से लेकर तमिलनाडु में कांग्रेस से एक फीसदी अधिक वोट पाने का उल्लेख करते हुए कहा कि बीजेपी ने हर क्षेत्र में प्रभाव रखने वाली राजनीतिक पार्टी के रूप में खुद को स्थापित किया. उन्होंने कहा कि हम पांचवे नंबर की अर्थव्यवस्था उस ब्रिटेन को पीछे छोड़कर बने जिसने हम पर कभी हुकूमत की थी. चांद के अछूते कोने दक्षिणी ध्रुव को छूने वाले पहले देश बने जिसका उल्लेख राष्ट्रपति ने भी किया था।




आप सांसदों का प्रदर्शन

**इससे पहले आम आदमी पार्टी के सांसदों ने संसद भवन के बाहर प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी के सांसदों ने पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रिहाई के लिए प्रदर्शन किया।**

# दिल्ली एयरपोर्ट टर्मिनल की छत गिरी, गाड़ियां दबीं



कई उडानें दोपहर तक रद्द की गईं, भारी बारिश से अफरातफरी

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

मानसून की पहली बारिश में ही केंद्रीय राजधानी को एक बड़े हादसे का सामना करना पड़ा है। दिल्ली एयरपोर्ट टर्मिनल - 1 पर सुबह पार्किंग की छत गिरने से एक शख्स की मौत हो गई है जबकि 6 लोग घायल हो गये। बताया जाता है कि भारी बारिश के बीच टर्मिनल 1 पर सुबह के वक्त यहां गाड़ियों का लाइन लगी थी कि तभी अचानक से पार्किंग की छत गिर गई और कई गाड़ियां इसकी चपेट में आ गईं। घायलों को मेदांता एयरपोर्ट में भर्ती कराया गया है। एक वाहनचालक की गाडी पर ही छत गिरी और ड्राइविंग सीट से निकलने का भी उसे वक्त नहीं मिला। क्षतिग्रस्त वाहनों में कोई और फंसा न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि छत की शीट के अलावा सपोर्ट बीम भी गिर गए, जिससे टर्मिनल के पिक-अप और ड्रॉप एरिया में खड़ी कारों को नुकसान पहुंचा।

### चेक-इन काउटर्स बंद

दिल्ली एयरपोर्ट ने हादसे के बाद टर्मिनल 1 से संचालित होने वाली सभी उड़ानों को अस्थायी तौर पर रद्द कर दिया गया है। सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए चेक-इन काउटर्स को बंद कर दिया गया है।

**सांसद को गोद में उठाकर बाहर निकाला:** दिल्ली-एनसीआर की पहली



बारिश ने आम जनता के साथ-साथ 'माननीयों' के लिए भी मुसीबत खड़ी कर दी। दिल्ली के सबसे पॉश इलाके में रहने वाले सपा के दिग्गज नेता रामगोपाल यादव भी इसकी चपेट में आये हैं। यादव के घर में भी बारिश का पानी भर गया और उन्हें संसद जाने के लिए अपने स्टाफ की गोद में बैठकर कार तक जाना पड़ा।

## कल्कि ने पहले दिन कूटे 95 करोड़



**मुंबई।** सबसे प्रतीक्षित व इस साल की सबसे बड़ी फिल्म कही जा रही, 'कल्कि 2898AD' ने पहले ही दिन थिएटर्स में तगड़ा धमाका कर दिया है। कल फिल्म रिलीज हुई है और आज सुबह इसके पहले दिन के कलेक्शन के आंकडे आये हैं। प्रभास, अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण और कमल हासन की इस फिल्म का बजट करीब 650 करोड़ है। कल्कि रेगुलर कामकाजी दिन रिलीज की गई है जबकि मुंबई में अक्सर शुक्रवार को फिल्म रिलीज की जाती है। फिल्म ने पहले ही दिन रिकॉर्डतोड़ कमाई कर डाली है। इसने प्रारंभिक आंकडों के मुताबिक करीब 95 करोड़ का कलेक्शन पहले दिन किया है।

## बिजली संविदाकर्मियों को अब सहायता का दायरा बढ़ा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र में अब बिजली कंपनियों के संविदाकर्मियों के निधन पर अब स्वजन को



चार लाख रुपये का अनुदान दिया जाएगा। 40 से 60 प्रतिशत तक दिव्यांगता पर 59,100 और 60 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता पर दो लाख रुपये का सहायता अनुदान दिया जाएगा। इसके साथ ही शासकीय संपत्ति की चोरी या गबन करने, अधिकारियों के आदेश की अवहेलना करने, शासकीय कार्य के दौरान या कार्यालय में जुआ खेलने को गंभीर दुराचरण की श्रेणी में माना जाएगा। बताया जाता है कि विभाग ने संविदा सेवा नियम 2023 को सभी बिजली कंपनियों में लागू करने का निर्णय लिया है। सरकार ने 2023 में संविदा कर्मचारियों की जो सेवा शर्तें तय की थीं, उन सभी को बिजली कंपनियों में लागू किया है।

## ट्रंप-बाइडन बहसः राष्ट्रपति को युध्द अपराधी बताया

**वाशिंगटन, एजेंसी।**

अमेरिका में पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव के पहले आज अमेरिका में पहली



प्रेसिडेंशियल डिबेट (बहस) हुई। मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आमने-सामने आए। इस दौरान रूस-यूक्रेन युद्ध और हमास-इस्राइल जंग को लेकर एक दूसरे पर जमकर हमला किया। रिपब्लिकन पार्टी उम्मीदवार ट्रंप ने दावा किया कि अफगानिस्तान से अमेरिका का वापस लौटना शमर्नाक था। इसकी वजह से ही रूसी राष्ट्रपति पुतिन को यूक्रेन के खिलाफ जंग शुरू करने का बढ़ावा मिला। उन्होंने आगे दावा किया कि अगर वह सत्ता में होते तो दोनों ही युद्ध नहीं होते। मेरे प्रशासन के दौरान आपको बिल्कुल भी आतंक का सामना नहीं करना पड़ा, पूरी दुनिया उनके (बाइडन) शासन में हिल गई है।

# बोलने वाला है विराट का बल्ला, रोहित शर्मा ने जताई उम्मीद

**गयाना , एजेंसी।**

भारत ने देर रात गयाना में इंग्लैंड के खिलाफ 68 रनों से जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश कर तो कर लिया लेकिन विराट कोहली के बल्ले की खामोशी पर अब चर्चा होने लगी है। टीम इंडिया का सामना 29 जून को दक्षिण अफ्रीका से होगा। भारत तीसरी बार टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचा है। मैच के बाद टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कोहली की फॉर्म पर कहा, 'जब आप जोखिम भरा क्रिकेट खेलते हैं तो कई बार आप अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाते हैं। मेरे हिसाब से मुकाबले में भी उन्होंने गति बनाए रखने के लिए एक बेहतरीन छक्का लगाया, लेकिन बदकिस्मत से वह बाद में आउट हुए। मगर मुझे उनका इरादा और तरीका पसंद आया। अगर वह ऐसा करने के लिए तैयार हैं, तो टीम के लिए यह एक अच्छा संकेत है। कोच राहुल द्रविड ने भी कहा है कि विराट जल्द बड़ी पारी खेलेंगे।'




## खालिस्तानी मामले पर अमेरिका की पेंतरेबाजी

**नई दिल्ली ।** खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू मामले में अमेरिका ने नई पैंतरेबाजी पर उतर आया है और अब यह संदेश देने में जुट गया है कि वो भारत पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। हालांकि, भारत सरकार ने पहले ही साफ कर दिया है कि वो इस मामले में जांच कर रहा है और जल्द सच्चाई सामने लाएगा। अमेरिका ने ताजा बयान में कहा कि वो पन्नू मामले में भारत की जांच के नतीजों का इंतजार कर रहा है। पिछले साल नवंबर में अमेरिकी अभियोजकों ने भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर न्यूयॉर्क में पन्नू को मारने की साजिश रचने का आरोप लगाया था. अमेरिका का आरोप था कि निखिल ने इस काम के लिए भारत के एक सरकारी कर्मचारी को भी शामिल किया था. पिछले साल ही जून में निखिल गुप्ता को चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था. 14 जून को उन्हें अमेरिका में प्रत्यर्पित किया गया है।

## पांच महीने बाद हेमंत सोरेन को हाइकोर्ट ने दी जमानत

**रांची , एजेंसी।**

झारखंड हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आज जमानत दे दी है। प्रवर्तन निदेशालय ने लैंड स्कैम केस में हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। यह पूरा मामला 8.36 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जे से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों का है। कोर्ट ने सोरेन की जमानत याचिका पर अपना फैसला 13 जून को सुरक्षित रख लिया था। सोरेन के वरिष्ठ वकील अरुणाभ चौधरी ने बताया कि सोरेन को जमानत दे दी गई है। आज कोर्ट के आदेश की कॉपी चली जाएगी कल वे बाहर आ सकते हैं। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया, वह दोषी नहीं हैं और जमानत पर रिहा किए जाने दौरान याचिकाकर्ता द्वारा कोई अपराध किए जाने की कोई आशंका नहीं है। सोरेन को इसी साल के शुरू में 31 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद ही हेमंत ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। उनके बाद जेएमएम के वरिष्ठ नेता और राज्य के परिवहन मंत्री चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाया गया था। सोरेन लोकसभा चुनाव के दौरान भी जेल में ही रहे हैं। उनकी पत्नी ने चुनावी मोर्चा संभाल था। हालांकि चुनाव के नतीजे मिलेजुले रहे हैं।



**मेट्रो एंकर**

## इंदौर में पांच घंटे चला लिंग परिवर्तन का ऑपरेशन

# गाड़ी में खोपड़ियां, डेंजर का स्लोगन, अघोरी बाबा बने अर्धनारीश्वर

**इंदौर, एजेंसी।**

यदि सड़क पर चलती कार में आधा दर्ज से अधिक मानव खोपड़ियां, डेंजर का स्लोगन और डरावनी तस्वीरें दिखें तो हर कोई सहम जाता है। इंदौर में पिछले कुछ दिनों से यही हो रहा था। यह दक्षिण भारत से आए एक अघोरी बाबा अंदाज था। महज 27 साल के यह अघोरी अभी भी इंदौर में हैं। मगर अब लोगों को पता चला है कि वे दरअसल इंदौर में लिंग परिवर्तन कराने आए थे। पांच घंटे की सर्जरी के बाद उनका जेंडर चेंज ऑपरेशन सफल रहा है। शहर के निजी अस्पताल में उनकी सर्जरी हुई, जो करीब पांच घंटे तक चली। सर्जरी के बाद वे बेहोशी की हालत में हैं। इसलिए उनसे बात नहीं हो पाई है। बाबा की सर्जरी प्लास्टिक कॉस्मेटिक एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जन डॉ. अश्विनी दाश ने की है। दरअसल यह आपरेशन इसलिये कराया गया है क्योंकि अघोरी बाबा को सालभर पहले अर्द्धनारीश्वर बनने का सपना आया था। इसके बाद इंदौर में आकर लिंग चेंज करवाया है।



### घर त्याग चुके हैं बाबा

*खबरों के मुताबिक मेल से फीमेल बने अघोरी नागा साधु दक्षिण भारत के एक ब्राह्मण परिवार से ताल्लुक रखते हैं। कई साल प2हले उन्होंने परिवार को त्याग दिया वे मंदिरों, पहाड आश्रमों में रहते हैं। इंदौर स्थित अस्पताल में जेंडर चेंज करने की प्रक्रिया करीब साल भर से चल रही थी। उन्होंने डॉक्टरों को बताया था कि कुछ साल पहले अर्धनारीश्वर यानि (आधी स्त्री और आधा पुरुष) बनने का सपना आया था। इसके बाद वे नागा अघोरी साधू बन गए। फिर उन्होंने फीमेल बनने की इच्छा जताई। की है। जेंडर चेंज कराने से पहले भी उनकी चेन्नई में एक सर्जरी हो चुकी है। वहां तब सर्जरी में पुरुष संबंधी कुछ ऑर्गन्स निकाले गए।*

# ननि अमले से भिड़े अतिक्रमणकारी, बाद में वापस मांगने लगे जब्त सामान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शहर में अतिक्रमण के खिलाफ चलने वाले नगर निगम के अभियान में उस वक्त व्यवधान आ गया जब आजाद मार्केट में अवैध गुमठी और ठेले हटाने पहुंचे अमले को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। जब विवाद बढ़ता गया तो मौके पर मंगलवारा थाना पुलिस पहुंची। जहां पुलिस अधिकारियों की फटकार के बाद मामला शांत हो गया और अमले ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की ।

जानकारी के अनुसार नगर निगम को लगातार शिकायत मिल रही थी कि आजाद मार्केट में ठेले और गुमठी वालों ने जगह -जगह कब्जा जमा रखा है। इस वजह से बाजार में प्रतिदिन हालात बिगड़ते जा रहे हैं। इस पर नगर निगम अमला दोपहर डेढ़ बजे कार्रवाई करने



पहुंचा।यहां सूखे मेवे, मसाले, फल, सब्जी के ठेले वालों ने कब्जा जमा रखा था। साथ ही तंबू गाड़कर अस्थायी दुकानें और गुमठी लगा रखी थी।

अतिक्रमण प्रभारी महेश गौहर ने बताया कि आजाद मार्केट से पहले आशाराम तिराहे पर भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी। दोनों ही कार्रवाई में लगभग 40 नगर निगम कर्मचारी मौजूद रहे और कुल तीन ट्रक सामान जब्त किया गया है। कार्रवाई के बाद कई दुकानदार सामान वापस देने की मांग कर रहे हैं। एक दुकानदार ने कहा कि अमले ने ठेले के साथ सूखे मेवे जब्त कर लिए हैं। इस पर उन्होंने वापस दिलाने का आश्वासन दिया है। वहीं दो दुकानदारों की अमले से झड़प हो गई । दोनों कुछ समय मांग रहे थे लेकिन कर्मचारी सामान उठाने लगे तो वह अभद्रता पर उतारु हो गए।

# डीपीएस, सेज इंटरनेशनल सहित चार स्कूलों को लौटानी होगी फीस

## डीईओ ने जारी किया नोटिस, फीस नहीं लौटाने पर होगी जुर्माने की कार्यवाही

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मनमानी करने वाले निजी स्कूलों पर प्रदेशभर में कार्यावाही जारी है। शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत अब राजधानी भोपाल में कार्यवाही शुरू की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार त्रिपाठी ने गुरुवार को चार स्कूलों को फीस लौटाने के लिए नोटिस जारी किया है। स्कूलों को सात दिन में जिन विद्यार्थियों से ज्यादा फीस ली गई है, उसका डाटा भी देना होगा। इन स्कूलों में डीपीएस, सेज इंटरनेशनल, चैतन्य टेक्नो, कैंपियन स्कूल भौंरी शामिल हैं। इन स्कूलों को तीस दिन में बढ़ाई गई फीस विद्यार्थी या अभिभावकों के खाते में आनलाइन लौटानी होगी। जिला शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार त्रिपाठी के जारी आदेश में स्कूल संचालकों को चेतावनी दी है कि फीस अधिनियम का पालन किए बिना ली गई फीस वापस नहीं करने पर अधिनियम की धारा 9 ( 9 ) के तहत जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी।



### सिर्फ 93 ने दिया आय व्यय का ब्यौरा

स्कूल शिक्षा विभाग ने निजी स्कूलों से आय-व्यय व अन्य जानकारी आनलाइन मांगी थी। राजधानी के डेढ़ सौ सीबीएसई स्कूलों में 93 ने आय-व्यय का ब्यौरा दिया है। वहीं स्कूल शिक्षा विभाग से सम्बद्ध 877 निजी स्कूलों ने पोर्टल पर फीस की जानकारी अपलोड कर दी है। जानकारी नहीं देने वाले स्कूलों की जांच के लिए जिला शिक्षा विभाग ने कमेटी तैयार की है। अब फीस अधिनियम 2017 और 2020 के तहत जिला शिक्षा विभाग कार्रवाई कर रहा है।

### एसडीएम व तहसीलदारों ने कलेक्टर को भेजा प्रतिवेदन

इधर दूसरी ओर एसडीएम व तहसीलदारों ने अपने-अपने क्षेत्रों के प्रतिवेदन भी तैयार कर लिए हैं और कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को कार्यवाही के लिए भेज दिए हैं। बताया जा रहा है कि इसमें क्राइस्ट मेमोरियल स्कूल, मिठ्ठी गोविंदराम पब्लिक स्कूल बैरागढ़, नवनिद हंसोमल लखानी पब्लिक स्कूल बैरागढ़ समेत अन्य शामिल है। इन स्कूलों की संख्या एक-दो दिन में ओर भी बढ़ने की संभावना है।

## भारत सरकार के दल ने आठ और नौ नवंबर को संस्था का मूल्यांकन किया

# 99.7 प्रतिशत..! राजधानी का एक स्वास्थ्य केंद्र देश में आया अव्वल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में स्वास्थ्य केंद्र कोलुआकला को 99.7 प्रतिशत अंकों के साथ नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है। ये प्रमाणीकरण स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी किया गया है। खास बात यह है कि देश में पहली बार किसी भी शहरी स्वास्थ्य संस्था को इतने अधिक अंक प्राप्त हुए हैं। भारत सरकार के दल ने आठ और नौ नवंबर को संस्था का मूल्यांकन किया था। इस दौरान नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड की नेशनल असेसर डॉ. सोमजिता चक्रवर्ती और डॉ. रूबी साहनी द्वारा संस्था एवं समुदाय में प्रदाय सेवाओं को परखा गया था।

उल्लेखनीय है कि शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोलुआ कला का पुनर्मूल्यांकन इस वर्ष मार्च माह में भी किया गया था। इन दोनों मूल्यांकन के दौरान दल द्वारा संस्था प्रभारी डॉ. प्रांजल खरे एवं उनकी टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उत्कृष्ट स्वास्थ्य संस्था बताया था। मूल्यांकन के दौरान दल द्वारा संस्था के सभी रिकॉर्ड्स एवं रजिस्टर एवं मरीजों को दी जा रही सेवाओं के प्रोटोकॉल के बारे में जानकारी ली गई थी, साथ ही नर्सिंग ऑफिसर, एएनएम, आशा कार्यकर्ता से क्षेत्र के अनुभवों का फीडबैक एवं स्टाफ की क्षमता आकलन के लिए उनका साक्षात्कार भी लिया गया। मूल्यांकन दल द्वारा आंगनवाड़ी में हितग्राहियों से बात करके संस्था में दी जा रही सेवाओं का फीडबैक भी लिया गया एवं सामुदायिक स्तर पर प्रदान की जा रही सेवाओं की जानकारी ली गई।



### चेकलिस्ट के हिसाब से मूल्यांकन

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी का कहना है कि शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोलुआ कला का मूल्यांकन विभिन्न 12 विभागों की चेक लिस्ट के अनुसार किया गया, जिसमें महिला स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार कल्याण, असंचारी रोग, संचारी रोग, ड्रेसिंग रूम एवं आकस्मिक चिकित्सा, फार्मेसी, प्रयोगशाला, जनरल क्लिनिक, आउटरीच गतिविधियों सहित सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी ली गई थी। पब्लिक हेल्थ फैसिलिटी में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के प्रदायगी के लिए नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड वर्ष 2013 से प्रारंभ किया गया था। इसके तहत मुख्यतः सर्विस प्रोविजन, मरीजों के अधिकार, इनपुट्स, सपोर्ट सर्विसेज, क्लीनिकल देखभाल, इन्फेक्शन कंट्रोल, क्वालिटी मैनेजमेंट एवं आउटकम जैसे आठ क्षेत्रों को शामिल किया जाता है।

# स्कूली बच्चों के बैग का अधिक वजन, शिक्षा विभाग को जांच के दिए निर्देश

## मप्र मानव अधिकार आयोग ने की गई कार्रवाई की रिपोर्ट भी मांगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र मानव अधिकार आयोग के मनोहर ममतानी ने भोपाल जिले में स्कूली बच्चों के बैग का वजन अधिक होने के मामले में संज्ञान लेते हुए स्कूल शिक्षा विभाग को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही बच्चों के लिऐ नियमानुसार व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने के सम्बन्ध में की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि स्कूल शुरू होने के साथ-साथ बच्चों को भारी बैगों तले स्कूल जाना-आना भी शुरू हो गया है। शहर के अधिकांश स्कूल में सरकार द्वारा जारी की गई स्कूल बैग पॉलिसी के दिशा-निर्देश का पालन नहीं किया जा रहा है। इस कारण स्कूली बच्चों को प्रतिदिन भारी-भरकम बैगों के साथ स्कूल जाना पड़ रहा है। बच्चों के परिजनों ने इस संबंध में प्रशासन से स्कूल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया है।



# बच्चे का जन्म प्रमाण-पत्र अब अनिवार्य, पोर्टल हुआ तैयार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में प्रत्येक बच्चे का जन्म प्रमाण-पत्र अनिवार्य हो गया है। यह जन्म प्रमाण-पत्र जन्म स्थान एवं जन्म तारीख का वैधानिक दस्तावेज होगा। जन्म-मृत्यु पंजीकरण संशोधन अधिनियम 2023 द्वारा यह 11 अगस्त 2023 से बच्चे के स्कूल में प्रवेश, आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस इत्यादि के लिए आवश्यक होगा। संशोधित अधिनियम-2023 के आधार पर भारत के महारजिस्ट्रार तथा मप्र के मुख्य रजिस्ट्रार के निर्देशन में जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए नया पोर्टल विकसित किया गया है। इस पोर्टल से आम जन सीधे ऑनलाइन आवेदन कर प्रमाण पत्र अपने ई-मेल पर प्राप्त कर सकेंगे। यह पोर्टल यूजर फ्रेंडली और बहुत सरल है। पोर्टल पर आवेदक द्वारा दिया गया डाटा पोर्टल पर सुरक्षित भी रहेगा।

# टैंपल ऑफ संबोधि में 10 दिनी योगा-श्वास शिविर जुलाई में

## महिलाओं अभ्यास कराएंगी डॉ सरिता

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

टैंपल ऑफ संबोधि वन ट्री हिल्स में महिलाओं के लिए योगा और श्वास क्रिया सत्र का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 10 दिनों तक जीवन में योगा और श्वास क्रिया का प्रशिक्षण दिया जाएगा। संबोधि ने बताया की सत्र की शुरूआत पांच जुलाई को होगी, जो 15 जुलाई तक चलेगा। प्रति दिन शाम 5.45 से 6.45 तक डॉ सरिता देवनानी प्रशिक्षण देगी।

डॉ सरिता टैम्पल ऑफ संबोधि में 17 साल से मरीजों का फ्री इलाज कर रही हैं। वे टैम्पल ऑफ संबोधि में होम्यो क्लीनिक का संचालन कर रही है। डॉ सरिता का कहना है कि भागती दौड़ती जिंदगी तनाव से भरी हुई है। खान पान और अव्यवस्थित दिनचर्या से तमाम बीमारियां जीवन को कष्टमय बना रही हैं। हर व्यक्ति को दिन में आधा घंटे देना चाहिए।



### महिलाओं के लिए खास मौका

घर गृहस्थी में महिलाएं अपनी सेहत की ओर ध्यान नहीं दे पातीं। हमारी कोशिश है थोड़े समय अपनी सेहत वह कैसे निरोगी रख सकती हैं, इसके योगा और श्वांस से उन्हें जोड़ा जाए।

### समय-समय पर शिविर

संबोधि समय-समय योगा और श्वांस के शिविर आयोजित करती है। योगा और श्वास का अभ्यास जीवन को निरोगी बनाने में सक्षम है। मई में भी प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया था। तब नियमित सत्र की मांग साधक-साधिकाओं ने की थी, उस श्रंखला को जुलाई में आगे बढ़ाया जा रहा है।

### सेवा सुकून देती है

**डॉ सरिता का कहना है कि होम्यो क्लीनिक में आने वाले लोग जब रोग से राहत मिलने पर दुआएं देते हैं, वह अमूल्य होती हैं। मैंने डॉक्टर बनने के बाद सेवा का संकल्प लिया था। दाहोद से संतनगर आई यहां सेवा का भाव और गहरा हो गया। टैम्पल ऑफ संबोधि में जिस दिन से क्लीनिक खुली है, आज तक किसी से भी एक पैसा नहीं लिया।**

मेट्रो एंकर

## शिवपुराणा कथा का चौथा दिन

# प्रभु भक्ति में गोता लगाओगे प्रभु सुख की नाव में बिठाएंगे: महाराज मुकेशजी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

महा मृत्युंजय शिव महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस पर कथा वाचक मुकेश जी महाराज ने, अपने प्रवचनों में कहा कि महा मृत्युंजय मंत्र के जाप से विघ्न दूर होते है संकट दूर होते है इस जो भी संकट सामने आते हैं वह भगवान शंकर दूर कर देते हैं।

कथा में आगे मुकेशजी महाराज ने कहा कि दिन में कुछ समय आप प्रभु की भक्ति में गोता लगाइए। प्रभु आपको सुख की नाव में बिठाएंगे भक्त और भगवान के बीच में जब कोई फर्क नहीं रहे, वही सच्ची भक्ति है सदैव सम रहने वाले भक्त ईश्वर को प्रिय होते हैं हमेशा एक दूसरे का सम्मान करिए धर्मशास्त्र पग पग पर हमारा मार्गदर्शन करते हैं दूसरों की खुशी देखकर जो खुश हो वही भगवान को प्रिय होते हैं। कथा में हीरो हिंदू, पार्षदद्वय कुसुम चतुर्वेदी, अशोक मारण प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा कविता गुलानी, पुष्पा दीक्षित , हरीश नागदेव, भारती मूलचंदानी, कमलेश श्रीवास्तव, कामिनी शर्मा, किरण वाधवानी, निर्मला सोनी, शिवांश शर्मा, शेरु





रीझवानी, प्रकाश मीणा, ओम आसनानी, हीरा वतानी, महेश खटवानी, मांघू घनशनी, पूनम यादव, कला रजक, प्रशांत प्रधान, व भोले के दरबार के सेवक और श्रद्धालुओं ने कथा का आनंद लिया।

# नई जिम्मेदारियों को लेकर भाजपा नेताओं की नजर दिल्ली पर!

## जबरदस्त जीत के बाद कई कयास

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भाजपा भले ही सांगठनिक परिवर्तन की खबरों पर चुप है लेकिन अंदरखाने कुछ खास किस्म की चर्चाएं हैं। यह स्थिति इसलिए भी क्योंकि प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा का अध्यक्ष बतौर कार्यकाल पूरा हो चुका है, वे भी कार्यकाल विस्तार की गाड़ी पर सवार है। हालांकि उनके खाते में पिछले दो बड़े चुनावों में पार्टी की प्रचंड जीत भी है और खुद खजुराहो से दूसरी बार सांसद भी हैं। ऐसे में उनके नये कार्यकाल के साथ ही 'दिल्ली में पदोन्नति' के भी कयास चल रहे हैं। यदि वीडी की पदोन्नति होती है तो इसका फायदा प्रदेश के किसी न किसी दिग्गज नेता को मिल सकता है। क्योंकि पार्टी में अंदरखाने मुख्य दौड़ ही प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के पद की है। यदि दिल्ली शिफ्टिंग का फार्मूला नहीं निकलता है तो उपलब्धियां देखते हुए वीडी को प्रदेश की दोबारा कमान मिल सकती है। पूर्व में सुंदरलाल पटवा, कैलाश जोशी और नरेंद्र सिंह तोमर को अलग-अलग अंतराल में दोहराया गया था।

### नरोत्तम समेत कई चेहरे प्रतीक्षारत

इधर मप्र सरकार में करीब बीस साल मंत्री रहे नरोत्तम मिश्रा के सियासी भविष्य पर भी जानकारों की निगाहें हैं, नाव में हार के बाद वे लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा की न्यू ज्वाइनिंग कमेटी के मुखिया रहे हैं। माना जा रहा है कि भाजपा अब उनका भी उपयोग करने का रास्ता निकालेगी। हालांकि भाजपा में कुछ और चेहरे भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए उभारे जा सकते हैं।



# देर रात 14 आईएएस बदले, इनमें 2 एसीएस, 3 संभागायुक्त भी शामिल

### लंबे समय से स्कूल शिक्षा में जमे रश्मि शमी और धनराजू को बदला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राज्य सरकार ने देर रात 14 आईएएस के तबादले किए हैं, इनमें 2 अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल और जेएन कंसोटिया और रीवा, नर्मदापुरम व ग्वालियर के संभागायुक्त भी शामिल है। स्कूल शिक्षा में लंबे समय से जमे रश्मि अरुण शमी व धनराजू एस का भी विभाग बदला है। विधानसभा के पहले शुरू हुई प्रशासनिक सर्जरी के आगे भी जारी रहने की संभावना बताई जा रही है।इस फेरबदल में आज या कल में कुछ आईपीएस अफसर भी आने वाले हैं।




**जनसंपर्क आयुक्त बदला, खाड़े को दी जिम्मेदारी:** सरकार ने चंद महीने के भीतर जनसंपर्क आयुक्त को बदल दिया है। अब संदीप यादव की जगह ग्वालियर संभागायुक्त डॉ. सुदाम पंढरीनाथ खाड़े आयुक्त जनसंपर्क होंगे। तब तक संदीप यादव के पास ही आयुक्त जनसंपर्क की जिम्मेदारी रहेगी। इसी तरह सीनियर अफसर कंसोटिया का तबादला भी मंत्रालय के बाहर किया गया है। वे अब तक वन विभाग में थे। यहां फिर अशोक वर्णवाल की वापसी हुई है।

### इस प्रकार है तबादला सूची

| नाम | वर्तमान पदस्थापना | नवीन पदस्थापना |
|---|---|---|
| विनोद कुमार | महानिदेशक, आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी | संचालक, आदिम जाति अनुसंधान एंव विकास संस्थान भोपाल |
| जेएन कंसोटिया | एसीएस वन | महानिदेशक आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी |
| अशोक वर्णवाल | एसीएस, किसान कल्याण | एसीएस वन |
| रश्मि अरुण शमी | प्रमुख सचिव, स्कूल शिक्षा | प्रमुख सचिव, खाद्य नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता |
| एम सेलवेंद्रन | पंजीयन महानिरीक्षक | सचिव किसान कल्याण एवं कृषि विभाग |
| डॉ. संजय गोयल | सचिव तकनीकी शिक्षा व कौशल विकास | सचिव स्कूल शिक्षा |
| रघुराज एमआर | एमडी पावर मैनेजमेंट कंपनी | सचिव, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास |
| सुदाम पंढरीनाथ खाड़े | आयुक्त ग्वालियर संभाग | आयुक्त जनसंपर्क मप्र |
| बाबू सिंह जामोद | आयुक्त शहडोल संभाग | आयुक्त रीवा संभाग, शहडोल संभाग का अतिरिक्त प्रभार |
| स्वतंत्र कुमार सिंह | आयुक्त वाणिज्यकर इंदौर | संचालक, भोपाल गैस त्रास्तदी राहत एवं पुर्नवास |
| कृष्ण गोपाल तिवारी | सचिव जल संसाधन | आयुक्त, नर्मदापुरम संभाग |
| मनोज खत्री | संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी | आयुक्त, ग्वालियर संभाग |
| धनराजू एस | संचालक, राज्य शिक्षा केंद्र | आयुक्त, वाणिज्यकर इंदौर, श्रम आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार |
| हरजिंदर सिंह | अपर सचिव, पशुपालन एवं डेयरी | संचालक, राज्य शिक्षा केंद्र |

### सरकार गुजरात मॉडल लागू करने पर अडिग

# ट्रांसपोर्टर बोले- नई व्यवस्था तक बंद करें पुराने आरटीओ बैरियर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** आरटीओ बैरियर पर सरकार गुजरात मॉडल लागू करने के लिए अडिग है। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को अधिकारियों के सामने यह स्थिति साफ कर दी। उक्त मॉडल को लागू करने में आ रही रुपयों व बल की जरुरतों की पूर्ति पर भी सहमति दे दी है। हालांकि कब तक यह मॉडल लागू हो जाएगा, इस पर अभी भी संशय बना हुआ है।




उधर ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस और ट्रक ऑपरेटर एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी इस बात पर अड़े हैं कि अभी नई व्यवस्था लागू करने को लेकर सरकार के पास ही डेडलाइन नहीं है, इसलिए जब तक नई व्यवस्था लागू नहीं हो जाती तब तक पुराने आरटीओ बैरियर बंद किए जाएंगे। असल में ये पदाधिकारी बैरियरों पर जारी लूट और उत्पीड़न से परेशान है। मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक को पत्र लिख चुके हैं। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. जीआर शनमुगप्पा और इंदौर ट्रक ऑपरेटर एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष सीएल मुकाती ने पत्रों में चेतावनी दी कि बैरियर बंद नहीं किए गए तो 9 जुलाई को पांडिचेरी में होने वाली बैठक के बाद मप्र में ट्रक परिचालन बंद कर देंगे।

### पदाधिकारियों की आपत्ति

- परिवहन विभाग द्वारा बुधवार को जारी पत्र का हवाला देते हुए उक्त यूनियनों के पदाधिकारियों ने कहा कि आरटीओ बैरियर भ्रष्टाचार का गढ़ है, सरकार ने यह बात मानी है तभी तो इनमें बाहरी व्यक्तियों को हटाने संबंधी आदेश विभाग ने किया। सरकार सबकुछ जानने के बाद भी इन्हें बंद नहीं कर रही है।
- भ्रष्टाचार और उत्पीड़न की बात हमारे साथ हुई, बैठक में मानी लेकिन अब तक हल नहीं निकला।
- आरटीओ बैरियरों में जारी भ्रष्टाचार से प्रधानमंत्री के भ्रष्टाचार मुक्त सपने को खत्म करने में लापरवाही बरती जा रही है।
- हमारा शीर्ष नेतृत्व 15 दिसंबर 2022 से 27 फरवरी 2024 तक सरकार और परिवहन विभाग से लगातार संपर्क बनाए हुए हैं, तब भी आरटीओ बैरियर को बंद नहीं किए जा रहे है।

### पीएसएससीआईवीई

# एमटीएस कर्मचारियों ने सीखा मल्टी-स्किल कौशल, प्रशिक्षण का हुआ समापन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी स्थित व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी पं. सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (पीएसएससीआईवीई) में आयोजित मल्टी-स्किल केयरटेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर रेल कोच रेस्टॉरेंट के प्रबंधक संजीत बक्शी मौजूद रहे। उन्होंने संस्थान के एमटीएस कर्मचारियों से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से मिले अनुभवों के बारे में जाना और उन्हें इससे संबंधित कुछ और टिप्स भी दिए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) भोपाल के सहभागिता में आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान एमटीएस कर्मचारियों ने आतिथ्य कर्मियों का आतिथ्य, अतिथियों से बातचीत और उनकी सहायता करना, बुनियादी संचार कौशल, अतिथि कक्ष की आवश्यकताएं, रिकॉर्ड रख-रखाव, हाउसकीपिंग कार्यों के लिए स्टॉक रखना, हाउसकीपिंग संचालन, गेस्ट हाउस की सफाई, मेन्यू योजना, सेवा शिष्टाचार, भोजन सेवा संबंधी बुनियादी प्रशिक्षण, व्यक्तिगत स्वच्छता, रसोई की स्वच्छता संबंधी साफ-सफाई आदि का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# शिक्षक शराब के नशे में स्कूल पहुंचा, विभाग ने किया निलंबित

### स्कूल पहुंचे अभिभावकों और बच्चों से किया था अभद्र व्यवहार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शराब के नशे में स्कूल पहुंचने और छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों के साथ अभद्र व्यवहार करने पर सागर जिले के एक शिक्षक को स्कूल शिक्षा विभाग ने निलंबित कर दिया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने मामले में कार्यवाही करते हुए प्राथमिक शाला जमनापुर परासिया, देवरी सागर में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक रामलाल अहिरवार को निलंबित किया है। विभाग ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि अहिरवार का उक्त कृत्य गंभीर कदाचरण, शिक्षकीय गरिमा, के प्रतिकूल, विभाग एवं जिले की छवि धूमिल की जाना परिलक्षित होने के साथ ही म.प्र. सिविल सेवा नियम 1965 का उल्लंघन है। म0प्र0 सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम के तहत श्री रामलाल अहिरवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। उनका मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, शाहगढ जिला सागर नियत किया गया है। अहिरवार को, निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन ने बताया कि प्राथमिक शिक्षक के खिलाफ पुलिस में प्राथमिकी की भी दर्ज कराई जा रही है।

### यह है पूरा मामला

स्कूल शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, शास. प्राथमिक शाला जमनापुर परासिया, विकासखण्ड देवरी जिला सागर में पदस्थ रामलाल अहिरवार ने शराब के नशे में धुत होकर स्कूल पहुंचकर छात्रों एवं अभिभावकों के साथ अभद्र व्यवहार किया और संस्था के छात्रों के बैगो पर लोटने लगे। शिक्षक की हरकतों की खबर लगते ही अभिभावक भी संस्था में पहुंच गये। अभिभावकों द्वारा बात करने पर शिक्षक नशे की हालत में कुछ बोलने की स्थिति में नहीं था। शिक्षक द्वारा शराब के नशे में बच्चों के साथ मारपीट भी की गई।

# 10 जुलाई से नौवीं में नामांकन, बाद में लगेगा भारी विलंब शुल्क

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**




मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिम) से संबंधित स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए काम की खबर है। मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल ने प्रवेश नीति 2024-25 जारी कर दी है। जिसके अनुसार नौवीं कक्षा में नामांकन की प्रक्रिया 10 जुलाई से शुरू होगी। इसके लिए 30 सितंबर अंतिम तिथि है। इसके बाद 300 रुपये विलंब शुल्क लगेगा। संस्था प्राचार्य का यह दायित्व होगा कि प्रवेश देते समय ही छात्र के सभी दस्तावेज की जांच पूर्ण रूप से कर लें। इस संबंध में घोषणा पत्र भी जमा करना होगा। वहीं, विद्यार्थी ने जो विषय नौवीं व 11वीं में भरे हैं, वही 10वीं व 12वीं के आवेदन में भर सकेंगे। 10वीं व 12वीं परीक्षा के फॉर्म भी 30 सितंबर तक भरे जा सकेंगे। 25 नवंबर के बाद परीक्षा फॉर्म भरने पर 10 हजार रुपये विलंब शुल्क लिया जाएगा। 11 दिसंबर से 12 हजार विलंब शुल्क लगेगा।

### यह भी हैं इस बार बदलाव

इसके अलावा दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गई। इसमें सत्र 2024-25 से नौवीं से बेस्ट आफ फाइव योजना समाप्त की जा रही है। वहीं 10वीं में सत्र 2025-26 से समाप्त कर दी जाएगी। 10वीं में गणित के दो विकल्प बेसिक व स्टैंडर्ड का होगा।




**मेट्रो एंकर** — जुलाई सत्र 2024 में प्रवेश लेने की प्रक्रिया संपूर्णतः ऑनलाइन होगी

# इग्नू प्रवेश प्रक्रिया शुरू: हेल्थकेयर एंड हॉस्पिटल में एमबीए में इस बार नए पाठ्यक्रम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राजधानी स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा जुलाई सत्र 2024 के लिए हेल्थकेयर एंड हॉस्पिटल, एग्री बिजनेस, कंस्ट्रक्शन, लॉजिस्टिक एंड सप्लाई चेन मैनेजमेंट में एमबीए सहित अनेक नए पाठ्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं। जुलाई सत्र 2024 में प्रवेश लेने की प्रक्रिया संपूर्णतः ऑनलाइन रखी गई है। इच्छुक विद्यार्थी सरलता पूर्वक जब चाहे जहां से चाहे अपने प्रमाण-पत्रों को अपलोड तथा डिजिटल माध्यम से शुल्क का भुगतान कर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।

जुलाई सत्र में 337 के लगभग पाठ्यक्रम इग्नू द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। इच्छुक छात्र इग्नू की वेबसाइट या इग्नू के अध्ययन केन्द्र अथवा क्षेत्रीय केन्द्र पर संपर्क कर सकते हैं । वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. बिनी टॉम्स ने बताया स्वास्थ्य क्षेत्र प्रबंधन क्षेत्र में कुशल कार्मिक विकसित करने के लिए हेल्थकेयर एंड हॉस्पिटल में एमबीए पाठ्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। इस पाठ्यक्रम में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रयोग होने वाली तकनीक, नवाचार तथा हेल्थकेयर प्रशासन में उभरती हुई चुनौतियों से निपटने हेतु व्यवहारिक एवं प्रैक्टिकल ज्ञान प्रदान किया जाएगा।



**स्नातक स्तर पर 77 पाठ्यक्रम:** उप निदेशक डॉ. अंशुमान उपाध्याय ने बताया कि चार वर्षीय स्नातक स्तर पर इग्नू में 19 विषयों में पाठ्यक्रम, जिसमे 2 विषयो में मल्टीडिसीप्लिनरी तथा 17 विषयों मे ऑनर्स उपाधि एवं 26 विषय में सामान्य स्नातक पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को अनेक विषयों को चुनने तथा आधारभूत विषयों को पढ़ने का अवसर मिलता है, जिससे छात्रों को स्नातक स्तर के उपरान्त प्रतियोगी परीक्षाओ में सम्मिलित होने में आसानी होंगी। परास्नातक स्तर पर 77 पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिसमें संस्कृत, उर्दू, ज्योतिष, वैदिक अध्ययन, पत्रकारिता, जेंडर स्टडिज, ग्रामिण विकास, मानव विज्ञान, परामर्ष, हिन्दी में व्यावसायिक लेखन, नवीनीकरण ऊर्जा एवं पर्यावरण, अर्बी, रुसी भाषा तथा अन्य विषय सम्मिलित हैं।

## संपादकीय

# दस साल बाद मिला नेता

लोकसभा चुनाव के परिणामों के साथ ही नई घटनायें भी हुई हैं। जैसे लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी देश के पीएम बने और उन्होंने जवाहरलाल नेहरी की बराबरी की ली। इसी तरह पहली बार ऐसा हुआ कि् मोदी के पिछले दोनों कार्यकाल में संसद में नेता प्रतिपक्ष हीं नहीं रही और अब ताजा नतीजों के बाद देश को नेता प्रतिपक्ष मिला है। कांग्रेस के राहुल गांधी के रूप में विपक्ष का नेता मोदी के सामने हैं। वैसे भी काफी लंबे समय से राहुल को ही मोदी के बरक्स मजबूत विपक्षी नेता के तौर पर देखा जा रहा था। लिहाजा संवैधानिक पद पर अब राहुल की योग्यता कसौटी पर होगी। वैसे तो विपक्ष की नुमाइंदगी का मतलब यह नहीं कि प्रतिपक्ष हर मामले में सत्ता पक्ष के खिलाफ हो, बल्कि यह है कि वह हमेशा जनता के साथ हो और उसकी ओर से मुद्दे उठाए। लोकसभा चुनाव परिणामों के साथ ही कांग्रेस के भीतर से मांग उठने लगी थी कि राहुल को नेता प्रतिपक्ष का पद संभालना चाहिए। पार्टी अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद से राहुल के पास कांग्रेस की कोई जिम्मेदारी नहीं थी। सदन के भीतर पहली बार वह कोई पद संभालने जा रहे हैं। ऐसे में राहुल के सामने चुनौती होगी कि वह किस तरह पूरे विपक्ष को साथ लेकर चलते हुए रचनात्मक विरोध की भूमिका को आकार देते हैं। नेता प्रतिपक्ष कई प्रमुख समितियों और महत्वपूर्ण नियुक्तियों में सहभागी होता है। इससे जाहिर है कि पिछले 10 बरसों से यह पद खाली होने के चलते संसद ने क्या खोया। लेकिन, पद इन समितियों और नियुक्तियों तक सीमित नहीं। नेता प्रतिपक्ष को शैडो पीएम तक कहा जाता है। वह सरकार के मुखिया यानि पीएम की परछाई की तरह होता है, उसके हर काम पर नजर रखता है। उम्मीद की जाती है कि जनादेश आने के बाद वे चुनावी दौर की कड़वाहट को भुलाते हुए जनता के हित में मिलकर काम करेंगे। क्योंकि इस बार चुनाव में अपनी पार्टियों के प्रचार में मोदी और राहुल गांधी ने एक-दूसरे पर खूब हमले बोले हैं। अब उन बातों को पीछे छोड़ते हुए उन्हें बेहतर तालमेल वाले कामकाजी रिश्ते कायम करने होंगे। बेहतर होगा कि उन स्थितियों में फैसला राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर लिया जाए। राहुल गांधी को घोषित तौर पर विपक्षी गठबंधन इंडिया का नेता नहीं चुना गया था, लेकिन इसमें किसी को शक नहीं कि विपक्ष का असल चेहरा वही थे। चुनाव के दौरान विपक्ष के सारे दलों को एकजुट रखने के लिए उन्होंने भरपूर प्रयास किए। यहां तक कि अपने दल कांग्रेस को उन्होंने अब तक की न्यूनतम सीटों पर चुनाव लडाने का साहस भी किया। इस असर भी नतीजों में दिखता है। नेता प्रतिपक्ष के तौर पर राहुल केवल कांग्रेस ही नहीं, उन सभी दलों का प्रतिनिधित्व करेंगे, जो इन चुनावों में सरकार के खिलाफ थे। चुनौती न केवल सदन में विपक्षी दलों की भूमिका को अधिकाधिक प्रभावी बनाने की होगी बल्कि इस प्रभाव का सही दिशा में इस्तेमाल की भी रहेगी। वैसे तो सत्तापक्ष ने अपने मिजाज की बानगी पेश कर ही दी है। संसद के बाहर और भीतर आपातकाल के जिक्र से कांग्रेस की दुखती नस को दबाने का प्रयास हो रहा है, इस मामले में उनके अन्य सहयोगी दल किंकर्तव्यविमूठ से नजर आ रहे हैं। ऐसे में राहुल व समूचे विपक्ष के लिये यह चुनौती होगी कि वह सत्तापक्ष की सियासी चालों को समझकर आगे बढें, न कि उनके जाल में उलझें। यानि यह राहुल समेत उनके सहयोगी दलो की संसदीय व सियासी कौशल दोनों की ही परीक्षा है।

## खाद्य महंगाई कम करना चुनौती

# किसानों के असंतोष का निराकरण व आमदनी बढ़ाने की रणनीति पर काम की आस

■ जयंतीलाल भंडारी

मोदी सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल में कृषि परिदृश्य को संवारने की रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। 18 जून को किसानों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त भेजी, तो 19 जून को खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को बढ़ाया है। हालांकि नई सरकार के सामने कृषि, ग्रामीण विकास, खाद्य वस्तुओं की महंगाई, घटी हुई कृषि विकास दर, गेहूं भंडारण में कमी, खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने और खाद्य उत्पादों की बर्बादी रोकने और किसानों के असंतोष की चुनौतियां दिखाई दे रही हैं।मोदी सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल में कृषि परिदृश्य को संवारने की रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। 18 जून को किसानों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त भेजी, तो 19 जून को खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को बढ़ाया है। हालांकि नई सरकार के सामने कृषि, ग्रामीण विकास, खाद्य वस्तुओं की महंगाई, घटी हुई कृषि विकास दर, गेहूं भंडारण में कमी, खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने और खाद्य उत्पादों की बर्बादी रोकने और किसानों के असंतोष की चुनौतियां दिखाई दे रही हैं।
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) का अनुमान है कि इस वर्ष मानसून अच्छा रहेगा। यह नई सरकार के लिए अच्छा संकेत है। प्रमुख मौसम एजेंसी स्काईमेट और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा कहा गया है कि इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून के अच्छे रहने से कृषि गतिविधियों में तेजी आएगी। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अनुसंधान विभाग के मुताबिक, अच्छे मानसून से दाल, तिलहन, अनाज का उत्पादन बढ़ेगा और इनकी कीमतें कम होंगी।

महंगाई के प्रबंधन के लिहाज से खाद्य उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ खाद्य उपजों की बर्बादी रोकने से महंगाई पर अंकुश लगेगा। संयुक्त राष्ट के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के खाद्य फसलों की बर्बादी संबंधी आंकड़ों के अनुसार, भारत में हर साल करीब 15 फीसदी खाद्य उत्पादन नष्ट हो जाता है। इतनी ही बर्बादी फल और सब्जियों की होती है। कृषि भंडारण के बुनियादी ढांचे में सुधार से कृषि उपज बर्बादी को कम करने में मदद मिल सकती है। देश की अधिक शीत भंडार गृह और प्रशीतन सुविधाओं की दिशा में आगे बढ़ना होगा। भारत में करीब 30 फीसदी सड़कें कच्ची हैं, जिससे कृषि पैदावार को मंडियों तक ले जाने में काफी समय लगता है। इससे कुछ पैदावार खराब हो जाती है, जिसका असर कीमतों पर पड़ता है। इसलिए फसल बर्बादी रोकने पर जोर देना चाहिए। देश में खाद्यान्न भंडारण की क्षमता फिलहाल 1,450 लाख टन की है, उसे अगले पांच वर्षों में सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करके कुल खाद्यान्न भंडारण क्षमता 2,150 लाख टन किए जाने के लक्ष्य को प्राप्त करके ग्रामीण भारत में अभूतपूर्व खाद्यान्न भंडारण व्यवस्था के नए अध्याय लिखे जा सकेंगे।




*भारत में हर साल करीब 15 फीसदी खाद्य उत्पादन नष्ट हो जाता है। इतनी ही बर्बादी फल और सब्जियों की होती है। कृषि भंडारण के बुनियादी ढांचे में सुधार से कृषि उपज बर्बादी को कम करने में मदद मिल सकती है। देश की अधिक शीत भंडार गृह और प्रशीतन सुविधाओं की दिशा में आगे बढ़ना होगा। भारत में करीब 30 फीसदी सड़कें कच्ची हैं, जिससे कृषि पैदावार को मंडियों तक ले जाने में काफी समय लगता है। इससे कुछ पैदावार खराब हो जाती है..*

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने कृषि क्षेत्र का अनुभव रखने वाले शिवराज सिंह चौहान को कृषि एवं किसान कल्याण के साथ ग्रामीण विकास मंत्रालय का जिम्मा सौंपा है। हम उम्मीद कर सकते हैं कि देश में प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर खाद्य पदार्थों की बर्बादी को कम करने, कृषि में मशीनीकरण को बढ़ाए जाने, जलवायु अनुकूल कृषि-खाद्य प्रणाली अपनाने, अधिक ग्रामीण कच्ची सड़कों को मंडियों से जोड़ने, कृषि भंडारण के बुनियादी ढांचे में क्षमता सुधार जैसी नीतिगत प्राथमिकताओं के साथ-साथ आपूर्ति श्रृंखला में सुधार से खाद्य फसलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव को रोकने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ा जाएगा। किसानों के असंतोष का निराकरण करने और उनकी आमदनी बढ़ाने की रणनीति पर भी नई सरकार से काम करने की उम्मीद है।

**- साभार : यह लेखक के विचार हैं।**

## निशाना

### जेल आना जाना !



- कृष्णेन्द्र राय

कहां बची नैतिकता ?
ऐसे मुस्कराना ।।
पड़ गया है वास्ता ।
जेल आना जाना ।।
रहे चिपके पद से ।
है हरकत बचकाना ।।
देते थे दुहाई ।
देख रहा ज़माना ।।
अर्जीयां बस आर्जीयां ।
लज्जा नहीं आई ।।
पड़ गया खटाई में ।
लगता अब रिहाई ।।
हुई ऐसी हालत ।
सारे शर्मशार ।।
राजनीति ये है नई ।
अंदर भी तकरार ।।

## आज का इतिहास

- 1870 क्रिसमस को संयुक्त राज्य में एक संघीय अवकाश घोषित किया गया।
- 1879 जर्मन कंपनी लिंडे कार्ल वॉन लिंडे द्वारा स्थापित की गई।
- 1886 फ्रांसीसी रसायनज्ञ हेनरी मोइसन ने बताया कि वह मौलिक फ्लोरीन को अलग-थलग करने में सक्षम थे, जिसके लिए उन्होंने बाद में रसायन विज्ञान में नोबल पुरस्कार जीता।
- 1906 पहला ग्रांड प्रिक्स ले मैन्स, फ्रांस में आयोजित किया गया।
- 1906 पहली ग्रां प्री का आयोजन हुआ था। यह प्रतिस्?पर्द्धा 12 घंटे चली थी।
- 1906 पहला ग्रैंड प्रिक्स मोटर रेसिंग इवेंट आयोजित हुआ। 1906 ग्रैंड प्रिक्स डी ल लुटोमोबाइल क्लब डी फ्रांस, जिसे आमतौर पर 1906 फ्रेंच ग्रांड प्रिक्स के रूप में जाना जाता है, 26 और 27 जून ग्रैंड प्रिक्स का आयोजन ऑटोमोबाइल क्लब डी फ्रांस द्वारा गॉर्डन बेनेट दौड़ के विकल्प के रूप में फ्रेंच ऑटोमोबाइल उद्योग के संकेत पर किया गया था।
- 1906 फ्रेंच ग्रांड प्रिक्स, पहली ग्रैंड प्रिक्स मोटर रेसिंग प्रतियोगिता, ले मैंस के बाहर आयोजित की गई थी।
- 1907 जॉर्जिया के एक नकद भरे बैंक कोच पर हमला किया, जिसमें चालीस लोग मारे गए।
- 1918 प्रथम विश्व युद्ध-फ्रांस में मार्ने नदी के पास बेल्यू वुड की 26-दिवसीय लड़ाई अंत में अमेरिकी सेना ने जर्मन सैनिकों के उस जंगल को साफ कर दी।
- 1919 अमेरिका में न्यूयॉर्क डेली न्यूज का प्रकाशन शुरू हुआ।
- 1936 पहला प्रैक्टिकल परीक्षण उड़ान पहले व्यावहारिक हेलीकॉप्टर फॉक-वुल्फ एफडब्ल्यू 61 द्वारा लिया गया था। फॉक-वुल्फ एफडब्ल्यू 61 को अक्सर पहला व्यावहारिक, कार्यात्मक हेलीकॉप्टर माना जाता है। यह एफए 61 के रूप में भी जाना जाता था। बाद में इसकी ऊंचाई, गति और उड़ान की अवधि के लिए कई रिकॉर्ड बनाए गए।
- 1945 सेन फ्रांसिस्को में 50 देशों ने संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किये।
- 1945 सैन फ्रांसिस्को में संयुक्त राष्ट्र चार्टर पर हस्ताक्षर किए गए थे। चार्टर के रूप में, यह एक घटक संधि है, और सभी सदस्य इसके लेखों से बंधे हैं।

> कभी किसी को ऊंची दृष्टि से न देखें, कभी किसी को हेय दृष्टि से न देखें, जब आप हरेक को वैसा ही देखते हैं जैसे वो हैं, तो आप जीवन से अच्छी तरह से गुजरेंगे।

# पिता, पुत्र और हिंदुत्व का एजेंडा

■ राम पुनियानी

आम चुनाव के अधबीच में भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कहा कि भाजपा अब पहले से अधिक समर्थ हो गयी है और चुनाव लड़ने के लिए उसे आरएसएस के साथ की जरुरत नहीं है. यह सर्वज्ञात है कि अब तक के लगभग सभी चुनावों में आरएसएस के बाल-बच्चों और खुद आरएसएस ने भी भाजपा की जीत के लिए काम किया. इस चुनाव में भाजपा के कम?ार प्रदर्शन के बाद आरएसएस के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने चुनाव के दौरान विभिन्न पार्टियों के आचरण पर टिप्पणी की. यद्यपि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिए तथापि उनका इशारा मोदी और भाजपा की ओर है. इसके अलावा, आरएसएस के एक अन्य शीर्ष पदाधिकारी इन्द्रेश कुमार ने भी कहा कि अहंकार के कारण भाजपा की सीटों में कमी आई है. आरएसएस ने तुरंत इस बयान से अपने-आप को दूर कर लिया. फिर इन्द्रेश कुमार ने भी अपना वक्तव्य वापस ले लिया और यह प्रमाणीकृत किया कि भारत केवल मोदी के नेतृत्व में विकास कर सकता है. कई टिप्पणीकारों का कहना है कि भागवत का बयान, संघ और आरएसएस के बीच मनमुटाव और दरार का सूचक है.भागवत ने आखिर कहा क्या? संघ के एक प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन के अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि चुनावों के दौरान गरिमा और हमारे सांस्कृतिक मूल्यों का ख्याल नहीं रखा गया. विपक्ष के साथ विरोधी की तरह व्यवहार किया गया जबकि वह दरअसल प्रतिपक्ष है, जिसकी एक अलग सोच है. उन्होंने यह भी कहा कि शासक दल एवं विपक्षी पार्टियों में एकमत बनाने का प्रयास होना चाहिए. उन्होंने मणिपुर में हिंसा जारी रहने पर भी दुःख प्रकट किया. उन्होंने बढ़ते हुए अहंकार पर भी बात की.

ये बातें सभी पार्टियों के सदर्भ में कहीं गई मगर निशाने पर मोदी और भाजपा थे. हमें याद है कि चुनाव प्रचार के दौरान मोदी ने कितनी भद्दी भाषा का इस्तेमाल किया था और मंगलसूत्र, मुजरा, भैंस आदि पर चर्चा के साथ-साथ यह झूठ भी बोला था कि अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो वह पूरा आरक्षण कोटा मुसलमानों के नाम कर देगा. हो सकता है कि ऐसी बातों और ऐसी भाषा से भाजपा की सीटों में थोड़ी-बहुत कमी आई हो. मगर भाजपा के वोटों और सीटों में कमी का असली और सबसे बड़ा कारण था इंडिया गठबंधन का नैरेटिव, जो लोगों की समस्यायों पर केन्द्रित था. इंडिया गठबंधन ने मंहगाई, बेरोजगारी, नियमित तौर पर प्रश्नपत्रों के लीक होने, किसानों की समस्याओं और बढ़ती गरीबी जैसे मुद्दे उठाए. मोदी की अशिष्ट और छिछली भाषा के बरक्स इंडिया गठबंधन ने सभ्य और शिष्ट भाषा का प्रयोग किया. देश के अधिकांश हिस्सों में इंडिया की एकता बनी रही. मोदी ने स्वयं को परमात्मा का दूत बताया और एनडीए व भाजपा का चुनाव अभियान मोदी के आसपास बुना गया. भागवत ने वह क्यों कहा, जो उन्होंने कहा. और अगर वे इन मसलों के बारे में गंभीर थे तो उन्होंने अब तक अपना मुंह क्यों नहीं खोला था? वे तब क्यों चुप्पी साधे रहे जब महुआ मोइत्रा और राहुल गाँधी को संसद से निष्कासित किया गया या जब 146 सांसदों को निलंबित किया गया? वे तब क्यों चुप रहे जब मोदी ने चुनाव अभियान के दौरान निहायत अशिष्ट भाषा का प्रयोग किया? अब तक वे मणिपुर हिंसा पर चुप क्यों थे? भागवत ने ये बातें चुनाव समाप्त हो जाने के बाद ही क्यों कहीं? वह इसलिए क्योंकि उन्हें पता था कि अगर वे चुनाव के दौरान ये बातें कहेंगे तो इससे भाजपा को चुनावों में नुकसान हो सकता है. और यह उन्हें मंजूर नहीं था.



अब भागवत क्यों बोल रहे हैं? चुनाव में मोदी ने जिस तरह के भाषा का इस्तेमाल किया और प्रचार की जो रणनीति अपनाई, उससे समाज के उस वर्ग में भाजपा के प्रति सम्मान कम हुआ है जो पार्टी का कट्टर समर्थक नहीं है. इससे पार्टी की विश्वनीयता को चोट पहुंची है और संसद में मोदी के व्यवहार से उनकी एक तानाशाह की छवि बनी है. भागवत इस असर को कम करना चाहते हैं ताकि आने वाले चुनावों में भाजपा को नुकसान न हो. भागवत को पता है कि मोदी ने हिंदुत्व एजेंडा को बहुत अच्छे से लागू किया है. कश्मीर से अनुच्छेद 370 उठा लिया गया है, भव्य राममंदिर का उद्घाटन हो चुका है, एक राज्य में सामान नागरिक संहित लागू हो चुकी है और केन्द्रीय स्तर पर इसे लागू करने के प्रयास चल रहे हैं.

आरएसएस के लिए यह प्रसन्नता का विषय है कि गौमांस, बीफ और लव जिहाद जैसे मुद्दे केंद्र में आ गए है और मुसलमान और डर गए हैं. मुस्लिम समुदाय का अपने मोहल्लों में सिमटना जारी है. गुजरात में हाल में जब एक मुस्लिम सरकारी कर्मचारी को सरकारी कॉलोनी में मकान आवंटित किया गया तो वहां के अन्य निवासियों ने इसका विरोध किया और कहा मुस्लिम परिवार पूरे काम्प्लेक्स के लिए खतरा बन जाएगा.

मुसलमानों की क्या हालत हो गई है यह इससे अंदा?ा लगाईये कि तृप्ता त्यागी ने अपनी क्लास के सभी बच्चों को एक मुस्लिम बच्चे को एक-एक तमाचा मारने को कहा. मुसलमान परिवारों को किराए पर घर न मिलने की अनगिनत और अत्यंत शर्मनाक उदाहरण हमारे सामने हैं. मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्रीय मंत्रिपरिषद में एक भी मुसलमान नहीं है और भाजपा ने इस चुनाव में एक भी मुस्लिम उम्मीदवार ख?ा नहीं किया. मोदी के राज में संघ कई तरह से लाभान्वित हुआ है. उसकी शाखाओं की संख्या दोगुनी से ज्यादा हो गई है. आरएसएस के विचारधारा में यकीन रखने वाले शिक्षकों का कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में बोलबाला है. पाठ्यपुस्तकों का भगवाकरण हो चुका है. अब बाबरी मस्जिद को बाबरी मस्जिद नहीं बल्कि 'तीन गुम्बद वाला ढांचा' कहा जाता है. भारतीय ज्ञान प्रणाली के नाम पर आस्था पर आधारित ज्ञान को बढ़ावा दिया जा रहा है और डार्विन का सिद्धांत और आवर्त सारणी पाठ्यपुस्तकों से बाहर हो गए है.

तो फिर विरोध का यह नाटक क्यों? चूँकि भाजपा को स्वयं के बल पर बहुमत हासिल नहीं है इसलिए उसे नीतीश और नायडू जैसे गठबंधन साथियों के साथ मिलकर चलना पड़ेगा. गुजरात का मुख्यमंत्री बनने के समय से ही मोदी ने अपनी पार्टी के पूर्ण बहुमत वाली सरकारों का नेतृत्व किया है. सरकार पर उनका पूर्ण नियंत्रण रहा है और उनसे प्रश्न पूछने का साहस किसी में नहीं रहा है. सन 2014 और 2019 के चुनावों के बाद बनी सरकारें नाम के लिए एनडीए की थीं. सभी निर्णय मोदी द्वारा अकेले लिए जाते थे. चाहे वह कोरोना लॉकडाउन हो, नोटबंदी हो या अंबानी-अदानी को हर तरह ली सहूलियतें उपलब्ध करवाना, उनका निर्णय अंतिम समझा जाता था. तो क्या वे नीतीश और नायडू के साथ मिलकर चल सकेंगे? नीतीश ने अपने प्रदेश में जाति जनगणना करवा ली है नायडू अपने प्रदेश में पिछड़े मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण दे रहे हैं.यह सही है कि भाजपा के गठबंधन साथी अत्यंत व्यावहारिक हैं और सिद्धांतों से उन्हें कोई खास मतलब नहीं है मगर फिर भी भविष्य में मतभेद तो उभर ही सकते हैं. तो भागवत शायद मोदी को प्रेम से समझा रहे हैं कि उन्हें आपना तानाशाहीपूर्ण रवैया बदलना चाहिये. या फिर वे इशारा कर रहे हैं कि एनडीए को ऐसा नेता ढूँढना चाहिए जो सबको साथ लेकर चलना जानता हो. मगर कुल मिलाकर तो आरएसएस प्रसन्न ही है. उसका एजेंडा काफी आगे बड़ा है. मोदी के व्यवहार के कारण जो थोड़ी-बहुत समस्याएं आयेंगी, वे हिन्दू राष्ट के व्यापक लक्ष्य के सामने कुछ भी नहीं हैं.

***अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया. लेखक नेशनल कम्यूनल हार्मोनी एवार्ड से सम्मानित हैं, यह उनके विचार हैं।***

# बिजली समस्या पर कांग्रेस ने किया आंदोलन लगाए नारे

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

कई घंटे बिजली नहीं मिलने, बढ़े हुए बिल आने, बिजली अधिकारियों द्वारा टेलीफोन नहीं उठाने, मेंटेनेंस के नाम पर घंटों बिजली नहीं देने जैसी समस्याओं से परेशान हो रहे नागरिकों के लिए कांग्रेस आगे आयी और बिजली कंपनी के दफ्तर के सामने विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने बिजली अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यह शांतिपूर्ण प्रदर्शन है, यदि व्यवस्था में सुधार नहीं किया तो हम चक्काजाम करेंगे चाहे इसके लिए हमें जेल भी क्यों न जाना पड़े। हालांकि बिजली अधिकारियों के अपने अलग ही तर्क हं, उन्होंने कांग्रेस की हर बात का अपनी दलीलें पेश कर जवाब दिया और कांग्रेस के किसी आरोप को सही नहीं माना। सुबह बिजली दफ्तर पीपल मोहल्ला के सामने कांग्रेसियों का जमावड़ा शुरु हो गया था। नगर अध्यक्ष मयूर जायसवाल ने कहा कि पिछले वर्ष भी हमने आंदोलन किया था। कुछ दिनों के लिए सुधार हुआ था। अभी मेंटेनेंस के बावजूद कटौती हो रही है। अधिक देर बिजली नहीं रहती तो अधिकारी जवाब नहीं देते, बल्कि कई बार तो फोन भी नहीं उठाते। यदि सुधार नहीं हुआ तो हम चक्काजाम करेंगे चाहे इसके लिए हमें जेल ही क्यों न जाना पड़े। कांग्रेस कार्यकर्ता अपने साथ कुंभकर्ण का पुतला बनाकर लाये थे। बिजली कार्यालय के सामने पुतले को लिटाकर उसके आसपास मोमबत्ती जलायी गई और ढोल बजाकर उसे जगाने का प्रयास किया। कांग्रेस का यह प्रतीकात्मक विरोध बिजली कंपनी को कुंभकर्ण बताने के लिए रहा। बाद में कांग्रेस ने कार्यालय के गेट पर ही पुतला दहन कर के नारेबाजी की।

### इनका कहना है

*कटौती नहीं की जा रही है, दरअसल मानसून पूर्व रख रखाव के लिए बिजली बंद की गई थी, ताकि बारिश के दौरान अधिक परेशानी नहीं आये। सबके नंबर सार्वजनिक हैं, मैं स्वयं मॉनिटरिंग करता हूं और सापग्गा का निदान करते हैं। उपकरण खराब नहीं हैं, इत ज्यादा पड़ी है, खपत बढ़ी है तो बिल भी बढना स्वभाविक है।*

**अंकुर मिश्रा,** डीजीएम बिजली कंपनी

---

### सभापतियों को नहीं मिली आज शाम 4 बजे होने वाली PIC बैठक के एजेंडा की कॉपी

# नपा के सभापति बोले: एजेंडा मिलना चाहिए अधिकारी बोले: एजेंडा पहले देना जरूरी नहीं

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

इन दिनों नगर पालिका में अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच का तालमेल मैच नहीं खा रहा है। नगर पालिका सीएमओ की हट धर्मिता और उनकी हिटलर शाही के कारण कर्मचारियों के साथ-साथ अब नगर की जनता भी परेशान होने लगी है। अब इस स्थिति में नगर पालिका के अधिकारियों और जनता द्वारा नगर पालिका में चुनकर भेजे गए प्रतिनिधियों के बीच में भी दरार की खाई धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है। जिसके कारण नगर के विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं। आए दिन नगर पालिका अखबारों की सुर्खियों में रहती है, अब एक नया मामला सामने आने से नगर में जन चर्चा का विषय बना हुआ है। चर्चा है कि शुक्रवार की शाम को होने वाली पीआईसी की बैठक की



कुछ जनप्रतिनिधियों को नगर पालिका की जानकारी रहती है तो कुछ के लिए औपचारिकता की जाती है। आज शाम 4 बजे से नगर पालिका में पीआईसी की बैठक का आयोजन किया जा रहा है लेकिन इस बैठक में जिन मुद्दो पर चर्चा होना है उसकी जानकारी कई विभागों के सभा पतियों को नहीं है। जिसको लेकर इन सभा पतियों की टीस सामने आई है। अधिकतर सभा पतियों का कहना है? कि हमें सिर्फ बैठक की सूचना मिली है, बैठक में जिन मुद्दों पर बात होना है उस एजेंडे की कॉपी भी बैठक के पहले मिलने से बैठक में मुद्दों पर सही चर्चा हो पाएगी।

जैसे ही सभा पतियों में एजेंडे की कॉपी नहीं मिलने की बात फैलने लगी तो जो कुछ सभापति पहले एजेंडे की कॉपी नहीं मिलने की बात कर रहे थे वो बाद में एजेंडें की कॉपी मिलने की बात करने लगे लेकिन उसको सार्वजनिक करने में असमर्थता व्यक्त करने लगे। हालांकि इस दौरान नगर पालिका द्वारा किसी को भी एजेंडे की कॉपी नहीं देने की बात को नियमों हबाला देते हुए कर दी गई थी। जब एजेंडें की कॉपी नगर पालिका के विभागों के सभा पतियों को नहीं मिलने की बात तूल पकड़ने लगी तो नगर पालिका के अधिकारी नियमों का हवाला देते हुए एजेंडे की कॉपी नहीं मिलने की बात स्पष्टता से सामने रखती आई। इस बीच नगर पालिका के सभी विभागों के सभापति के फोन नगर पालिका के अधिकारियों के पास पहुंचने लगे। हालांकि अधिकतर सभापति का कहना है कि हम बैठक में एजेंडे की कॉपी मिलने को लेकर बात रखेगें, जिससे आने वाली बैठकों के पहले एजेंडे की कॉपी मिल सके। नगर पालिका का कहना है? कि ÷मध्यप्रदेश नगर पालिका कामज के संचालन की प्रक्रिया नियम 2005÷ के तहत एजेंडे की कॉपी सभापति को देना जरूरी नहीं बताया गया है। हालांकि इसमें एजेंडे की कॉपी सभापति को देने की मनाही के बारे में भी स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया है।

### इनका कहना है:-

*पीआईसी की बैठक को लेकर पत्र के माध्यम से सूचना मिली है, बैठक के एजेंडे की जानकारी भी इसके साथ दी गई है। बैठक का एजेंडा पीआईसी के सदस्यों की जानकारी में ही होता है, इसकी जानकारी पहले बता नहीं सकते।*

**दीपक बाथव,** सभापति सामान्य प्रशासन

*28 जून को नगर पालिका में पीआईसी बैठक की जानकारी के लिए पत्र के माध्यम से सूचना मिली है। लेकिन बैठक में? क्या एजेंडा रहने वाला है, इसकी जानकारी नहीं है। सभापतियों को बैठक के एजेंडें की जानकारी तो पहले से देना चाहिए।*

**ईश्वरदास जमींदार,** सभापति राजस्व विभाग

*बैठक को लेकर सूचना मिली है, एजेंडे की जानकारी भी कई बार मिली है लेकिन इस बार बैठक का पत्र मिला है। एजेंडे की जानकारी है, एजेंडे की कॉपी को लेकर कुछ नहीं कह पाएगें। नगर पालिका की पीआईसी बैठक में इस पर चर्चा की जाएगी।*

**सरिता प्रदीप अग्रवाल,** सभापति नल जल विभाग

*नगर पालिका में पीआईसी बैठक शुक्रवार को है, हमें बैठक को लेकर चिट्ठी मिली है,लेकिन एजेंडा क्या रहने वाला है, इसकी जानकारी नहीं है। सभापतियों को बैठक के एजेंडें की जानकारी तो पहले से देना चाहिए। जिससे बैठक में सार्थक बात हो सके।*

**किरण शिव राठौर,** सभापति, स्वास्थ्य विभाग

*नगर पालिका में शुक्रवार को पीआईसी की बैठक है, बैठक के एजेंडें को लेकर सभी सभापति को जानकारी है, बैठक की जानकारी के लिए सबको सूचना दी गई। एजेंड की जानकारी सबको मिलती है।*

**अखिलेश खेमचंद चौकसे,** सभापति लोकनिर्माण

*नगर पालिका में पीआईसी बैठक को लेकर सूचना मिली है,लेकिन एजेंडा क्या रहने वाला है, इसकी जानकारी नहीं है। सभापतियों को बैठक के एजेंडें की जानकारी तो पहले से देना चाहिए। अभी तक तो सिर्फ बैठक का पत्र ही मिला है।*

**दुर्गेश उइके,** सभापति, खाद्य विभाग

*पीआईसी की बैठक की जानकारी मिली है, एजेंडे की कॉपी नहीं होने को लेकर नियम ना होने की बता कही जाती है, लेकिन हम बैठक में बात रखेगें कि आगामी समय से पीआईसी की बैठक की सूचना के साथ एजेंडे की कॉपी भी दी जाए।*

**प्रीति शुक्ला,** सभापति महिला बाल विकास

---

# युवा कांग्रेस के प्रांतीय महासचिव ने युकां राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास से मुलाकात की

**नर्मदापुरम।** युवा कांग्रेस के राष्टीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी से नर्मदापुरम जिले के सक्रिय कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव फैजान उलहक ने राष्टीय अध्यक्ष के दिल्ली कार्यालय में उनसे मुलाकात कर प्रदेश युवा कांग्रेस की गतिविधियों से अवगत कराया. फैजान उलहक ने बताया दिल्ली में भारतीय युवा कांग्रेस ने केंद्र की भाजपा सरकार के बिरुद्ध ह्श्वश्वञ्ज घोटाले को लेकर संसद घेराव और उग्र प्रदर्शन किया जिसमे जिला नर्मदापुरम के कांग्रेसी शामिल हुए.प्रदेश महासचिव ने बताया युवा के भविष्य से खिलवाड़ कर रही भाजपा सरकार के विरुद्ध अब युवा आक्रोशित है. इसी आक्रोश के चलते जिला नर्मदापुरम से हम सभी साथी दिल्ली में घेराव मे शामिल हुए।



---

# एसडीएम ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

### जिला कलेक्टर ने दिए नदी नालों पर हुए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

बीते दिनों जिला कलेक्टर नर्मदा पुरम सोनिया मीना द्वारा दिए गए। नदी नालों पर हुए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश पर एसडीम सरोज सिंह परिहार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया तथा सीएमओ को अतिक्रमण करने वालो पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। गुरुवार को दोपहर में नगर पालिका के अमले के साथ एसडीएम ने वार्ड क्रमांक 03 दुर्गा कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 14 पत्थर पुल के पास गोटिया पुरा, वार्ड क्रमांक 12 नगर पालिका के पीछे, वार्ड क्रमांक 07 भीलपुरा नाला मोहल्ला, वार्ड क्रमांक 9 शहीद पटेल कॉलोनी का निरीक्षण किया। जब एसडीएम साहिब ने देखा कि नगर पालिका के पीछे कंदेली नदी के किनारे पर अतिक्रमण करके मकान बना लिए हैं सीएमओ को तत्काल नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देशित किया वही बरसात के पूर्व नदी नालों की साफ सफाई नहीं कराई गई जिस पर एसडीएम ने नाराजगी व्यक्त की तथा सीएमओ को नोटिस देने के लिए निर्देशित किया पत्थर पुल के पास भी नाले की सफाई नहीं की गई है पूरे नाले पर पेड़ पौधे उग रहे हैं। निरीक्षण के समय तहसीलदार राकेश खजूरिया, सीएमओ शीतल भलावी, राजस्व निरीक्षक अमर सिंह ऊईके, पटवारी महेंद्र मेहरा एवं नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित थे।



---

# आधिकारिक यात्रा की ली बैठक

**इटारसी।** गुरुवार को होटल मीनाक्षी रसूलिया में महिला प्रदेश अध्यक्ष ज्योति जैन ने आधिकारिक यात्रा में जिले की बैठक ली, जिसमें सम्मभागीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। सम्भांगीय अध्यक्ष नीरजा फौजदार ने बताया कि हमारी प्रदेश अध्यक्ष की यह आधिकारिक यात्रा है, वह नियुक्ति होने होने के बाद पहली बार नर्मदापुरम प्रवास पर आई है ओर संपूर्ण जिले के कार्यक्रम का जानकारी लेगी एंव आगे के कार्यो की रूपरेखा की जानकारी दी एंव वैश्य महासम्मैलन जो 32 घटक को मिलाकर कार्य कर रहा है।बैठक में सम्भांगीय अध्यक्ष अजित सेठी महिला सम्भांगीय अध्यक्ष नीरजा फौजदार सम्भागीय उपाध्यक्ष भारती अग्रवाल, जिला अध्यक्ष संजय शिल्पी,महिला जिला अध्यक्ष उषा अग्रवाल, उपाध्यक्ष माया अग्रवाल,नगर अध्यक्ष शारदा जैन, हेमा बाबई नगर अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, पिपारिया नगर अध्यक्ष अनीता सोनी वर्षा जैन एंव सदस्य , इटारसी नगर अध्यक्ष श्रद्धा अग्रवाल एंव सदस्य बाबई नगर अध्यक्ष रसिका डेरिया एंव सदस्य शोभापुर नगर अध्यक्ष रूचि बहेती एंव सदस्य सुहागपुर नगर अध्यक्ष सुनीता माहेशवरी एंव सदस्य जिले से सभी पदाधिकारी उपस्थित हुये।



---

# जन्म प्रमाण-पत्र बनवाना हुआ सहज एवं अनिवार्य

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

जन्म प्रमाण-पत्र बनवाना हुआ सहज एवं अनिवार्य। उक?ताशय की जानकारी जिला योजना अधिकारी ने देते हुए बताया है कि जन्म-मृत्यु पंजीकरण संशोधन अधिनियम 2023 द्वारा 11 अगस्त 2023 के तहत अब प्रत्येक बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा जो की बच्चे के स्कूल में प्रवेश, आधार कार्ड, पेन कार्ड, पासपोर्ट, ड्रायविंग लाईसेंस इत्यादि के लिये आवश्यक होगा। जन्म प्रमाण पत्र अब जन्म स्थान तथा जन्म तारीख का एकमात्र वैधानिक दस्तावेज होगा। इस संशोधित अधिनियम के आधार पर भारत के महारजिस्ट्रार तथा म.प्र. के मुख्य रजिस्ट्रार के निर्देशन मे जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु नवीन पोर्टल विकसित किया गया है, जिसके द्वारा आम जन सीधे ऑनलाइन आवेदन कर प्रमाण पत्र अपने ई-मेल पर प्राप्त कर सकेंगे। यह पोर्टल यूजर फ्रेंडली और बहुत सहज है जिस पर आवेदक द्वारा दिया गया डाटा पोर्टल पर सुरक्षित भी रहेगा।



जिला योजना अधिकारी एवं जिला रजिस्ट्रार (जन्म मृत्यु) यू.एस.पठारिया द्वारा नर्मदापुरम के सभी रजिस्ट्रार, उप रजिस्ट्रार तथा शासकीय एवं अशासकीय चिकित्सालयो के लिये विस्तृत प्रशिक्षण 27 जून को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष नर्मदापुरम में आयोजित किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर डा. बवीता राठौर, जनगणना कार्य निदेशालय से एन्सी रेजी (सहायक निदेशक) तथा सुश्री आयुषी मुख्य प्रशिक्षक के रूप मे उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण में जन्म मृत्यु पंजीकरण संशोधन अधिनियम 2023 तथा नवीन विकसित सी.आर.एस. पोर्टल पर विस्तृत जानकारी सभी रजिस्ट्रार तथा शासकीय एवं अशासकीय चिकित्सालयो से सम्मलित प्रशिक्षणार्थियों ने प्राप्त की और उनके सभी प्रश्नो का समाधान भी किया गया साथ ही मृत्यु के कारणो का प्रमाण पत्र की अनिवार्यता पर भी चर्चा की गई।

---

# नेशनल हाइवे पर युवक से 80 नकदी लूटे, आरोपी फरार

**इटारसी।** औबेदुल्लागंज-बैतूल नेशनल हाईवे पर बाघदेव के जंगल में दो ग्रामीण युवकों से मारपीट कर लूट की वारदात को अंजाम दिया गया। लूट करने वाला एक आरोपी युवक का परिचित है। वारदात 25 जून की रात 10.45 बजे की है। वारदात के 22 घंटे बाद केसला थाने में पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया।

फरियादी हरिओम पिता समरसिंह लोवे (18) निवासी मोरपानी है। साथी बबलेश के साथ शोभापुर में रामकृष्ण पटेल के खेत में लेवलिंग के लिए गए थे। लेवलिंग कार्य कर दोनों 80 हजार रुपए लेकर ट्रैक्टर से अपने गांव मारपानी जा रहे थे। उनके साथ में नया पोडार गांव का अंतराम भी था। रात 10.45 बजे नेशनल हाइवे पर बागदेव के जंगल क्षेत्र में आमवाली पुलिया के पास अंतराम ने अपने अन्य साथियों को बुला लिया। फिर आरोपी अंतराम व उसके साथियों ने हरिओम व बबलेश के साथ मारपीट की। फिर जिस बेग में 80 हजार रुपए रखे थे। उसे छीनकर सभी भाग गए। केसला थाना प्रभारी श्रीनाथ झरबड़े ने बताया घटना के बाद फरियादी दोनों डर गए थे। अगले दिन बुधवार शाम को वे थाने आएं। शिकायत के बाद आरोपी अंतराम व उसके साथियों के खिलाफ धारा 394 के तहत केस दर्ज किया। आरोपियों को तलाश में पुलिस टीम जुटी है।

---

**मेट्रो एंकर**

### मलेरिया से बचाव के लिए मच्छरदानी वितरित होगी

# बारिश के दौरान उल्टी दस्त एवं गंभीर बीमारी के मरीज का तत्काल उपचार करें: कलेक्टर



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

सभी बीएमओ , स्वास्थ्य कर्मचारी फील्ड में निरंतर सक्रिय रहे । बारिश के दौरान उल्टी दस्त , बुखार एवं गंभीर बीमारी के बहुत सारे प्रकरण आते हैं ऐसे प्रकरणों में सभी मरीज का प्राथमिकता से उपचार किया जाए। ग्राम आरोग्य केंद्र में 156 प्रकार की दवाइयां हमेशा उपलब्ध रहे, सभी बीएमओ यह सुनिश्चित करें कि बाढ़ के दौरान कोई कैजुअल्टी ना हो। दवाइयां की पर्याप्त उपलब्धता रहे, कोई भी डिजास्टर एवं इमरजेंसी आए तो हमेशा अलर्ट रहे । सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्र सक्रिय रहे । गंभीर मरीज को एंबुलेंस सुविधा अनिवार्य रूप से मिले। सभी स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी पद स्थापना वाले स्थान पर ही निवास करें। उक्त निर्देश कलेक्टर सोनिया मीना ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिए।

कलेक्टर ने बैठक में पल्स पोलियो अभियान, एक्रास कार्यक्रम, टीकाकरण अभियान, सिकल सेल एनीमिया के संबंध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर दिनेश देहलवार ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान 25 जून को समाप्त हुआ है । अब तक जीरो से 5 वर्ष के लगभग सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जा चुकी है।

कलेक्टर ने दस्तक अभियान में सभी बीएमओ को सक्रिय होकर कार्य करने के निर्देश दिए और कहा बच्चों को टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य केंद्र में लाया जाए । आशा कार्यकर्ता एवं उनकी टीम पूर्ण प्राथमिकता से कार्य करें । सभी बच्चों की पोर्टल में एंट्री भी प्राथमिकता से हो जाए । उन्होंने सभी बीएमओ को माह में एक बार आशा कार्यकर्ताओं एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों के कार्यों की समीक्षा करने के निर्देश दिए ।कलेक्टर ने शिशु मृत्यु दर , टीबी मरीजों की अदयतन स्थिति की जानकारी ली , वही मलेरिया से बचाव के लिए सभी बीएमओ को मलेरिया रोधी मच्छरदानी वितरित करने के निर्देश दिए ।कलेक्टर ने ब्लीचिंग पाउडर, क्लोरीन टैबलेट की पर्याप्त उपलब्धता रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सिकल सेल एनीमिया के लिए की जगह की जा रही जांचों की भी समीक्षा की। बताया गया कि प्रति बीएमओ को माह में 200 से 250 सिकल सेल एनीमिया के मरीजों की जांच करने का लक्ष्य दिया गया है ।

---

# खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग संयुक्त रूप से कार्यवाही जारी, 7 डम्पर जप्त किए



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

जिले में अवैध उत्खनन / परिवहन/ भण्डारण के विरूद्ध खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सम्पूर्ण जिले में कार्यवाही की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि 27 जून को परिवहन एवं खनिज विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए पगढाल टोल के पास रेत का अवैध परिवहन करते हुये 07 डम्पर क्रमशः क्रमांक - MP47ZA9036, MP12ZD8999, RJ09GE2140, MP09HH3869, MP09HJ0105, MP09HG8231, MP09HJ1141 को मौके से जप्त कर पुलिस थाना सिवनीमालवा में सुरक्षार्थ खड़े किये गये हैं। उक्त कार्यवाही में उप पुलिस अधीक्षक परिवहन संतोष मिश्रा , क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्रीमती निशा चौहान, दिवेश मरकाम खनिज अधिकारी, कृष्णकांत सिंह परस्ते प्रभारी खनि निरीक्षक, हेमन्त राज खनिज सिपाही तथा पुलिस एवं होमगार्ड बल उपस्थित रहा। उक्त जप्त वाहनों के विरूद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत कार्यवाही की जा रही है।

# सहरिया जनजातीय परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाने ग्रामों में कैंप का आयोजन





सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

पीएम जनमन योजना का क्रियान्वयन विदिशा जिले में जारी है। कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने पीएम जनमन योजना (पीव्हीटीजी मिशन) तहत शत-प्रतिशत सैचुरेशन लाए जाने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर श्री वैद्य ने निर्देश दिए थे कि सभी सहरिया परिवारों के सदस्यों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं। प्राप्त निर्देशों के परिपालन में आज सहरिया समुदाय के परिवारों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार की आयुष्मान योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाए जाने का कार्य किया गया है। पीएम जनमन योजना (पीव्हीटीजी मिशन) के तहत आज बासौदा विकास खंड की ग्राम पंचायत लामन्या, शाहवा एवं उदयपुर में शहरिया जनजातीय परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु जनपद पंचायत सीईओ श्री भगवान सिंह राजपूत एवं खंड चिकित्सा अधिकारी श्री प्रवेंद्र तिवारी के समन्वय से कैंप का आयोजन कर आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। कैंप के साथ-साथ लाभान्वित हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड की मदद से स्वास्थ्य उपचार में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी से भी अवगत कराया गया है।

आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु आयोजित कैंप के दौरान उक्त कार्यों का जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर पुनीत माहेश्वरी ने निरीक्षण किया। शिविर में जनपद पंचायत बासोदा के एडीओ श्री रामकुमार शर्मा, सीएचओ, आशा कार्यकार्यकर्ताएं, आशा सुपरवाइजर, ग्राम रोजगार सहायक एवं हितग्राही गण उपस्थित रहे। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से स्वास्थ्य खराब हो जाने पर समस्त शासकीय एवं आयुष्मान भारत में पंजीकृत प्रायवेट चिकित्सालयों में पांच लाख रुपए तक का निशुल्क उपचार कराया जा सकता है।

### किसानों के साथ हुए दुर्व्यवहार से नाराज विधायक पहुंचे कृषि विभाग कार्यालय

# जमीन पर बैठकर विधायक ने अधिकारी से किए जबाब-तलब

## किसानों का अपमान नहीं करूंगा बर्दाश्त, नेता प्रतिपक्ष ने किया था ट्वीट

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।



विगत दिनों सिरोंज के कृषि विभाग में डीएपी खाद तथा यूरिया की माँग करने गए किसान जमीन पर बैठे हुए थे कृषि विस्तार अधिकारी कुर्सी पर बैठकर किसानों से बात कर रहे थे । जिसको लेकर मीडिया ने भी समाचार को प्रमुखता से उठाया था नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित प्रदेश के कई नेताओं पर तंज कसते हुए तीखा हुए ट्वीट किया कि नेता कृषि विभाग एसडीओ कुर्सी पर बैठे हुए हैं और किसान जमीन पर बैठ रहे हैं यह हाल विदिशा जिले का है किसानों का ही सम्मान नहीं हो रहा है। सरकार की भी इसे किकरी हो रही थी उक्त मामले को विधायक उमाकान्त शर्मा ने संज्ञान लिया है। गुरुवार को भोपाल से सिरोंज पहुँचने पर विधायक शर्मा अपने भाजपा नेताओं तथा किसानों के साथ सीधे कृषि विभाग के कार्यालय में पहुँचे और खुद भी एसडीओ के सामने जमीन पर ही बैठ गए इसके बाद अधिकारी हक्के-बक्के रह गए।

अधिकारी उनसे कुर्सी पर बैठने की गुहार करने लगते रहे विधायक शर्मा ने कहा कि खाद मांगने आए हमारे किसानो को आपके सामने जमीन पर बैठाकर बात रखनी पड़ी यह किसानों की सरकार है किसान हितेषी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव की सरकार है किसान हमारे अन्नदाता है आप शासन के अंग है लोक जनसेवक है उसके बाबजूद आप कुर्सी पर बैठे है ओर किसानों को जमीन पर बैठना पढ़ रहा है यह शिष्टाचार नही है। मेरे क्षेत्र के किसानों का सम्मान ही मेरा सम्मान है मेरी सरकार का सम्मान है। कोई भी अधिकारी किसानों,आम नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार करेंगे तो उन्हें इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्होंने जिलाधीश महोदय से मांग करते हुए कहा कि किसानों के साथ एग्रीकल्चर डेवलपमेंट अधिकारी द्वारा किए गए दुर्व्यवहार को पूरे प्रदेश में उठाया गया है इस प्रकार का शिथिल कार्य करने वाले,शिष्टाचार नही निभाने वाले, कर्मचारी सेवा संघ के नियमों का पालन नही करने वाले अधिकारियों को प्रशिक्षण की आवश्यकता है। अधिकारियों को शिष्टाचार तथा जनभावनाओ का ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने इस मुद्दे पर नियमानुसार कोई कार्यवाही होती है तो करने का भी आग्रह किया है। इस दौरान कृषि विभाग के अधिकारी जमीन पर बैठे विधायक के सामने निरुत्तर होकर खड़े रहे। खाद की कमी को लेकर विधायक ने कहा कि कल ही भोपाल में वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर पूरे मामले से अवगत कराया है जल्द ही इस कमी को दूर कर लिया जाएगा। डीएपी खाद की कोई कमी नही है। किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध करवाया जाएगा।

2 दिन पहले हाथ की कमी को लेकर किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने किसी विस्तार अधिकारी के कार्यालय में पहुंचकर खाद की समस्या रखी थी उस दौरान किसान जमीन पर बैठे थे कृषि विस्तार अधिकारी कुर्सी पर बैठे रहे थे इसका समाचार प्रदेश टुडे के द्वारा भी प्रमुखता से प्रकाशित किया था समाचार पत्रों की कटिंग को कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार भेजकर प्रशासन की लापरवाही के बारे में बताया था इसके बाद नेता प्रतिपक्ष ने केंद्रीय कृषि मंत्री और प्रदेश के मुखिया और मंत्रियों सरकार पर तीखा हमला इ किया था। एसडीएम हर्षल ने बताया कि कृषि विस्तार अधिकारी को नोटिस देकर जवाब मंगाया गया है शिष्टाचार उनका व्यवहार कहीं से कहीं तक किसानों के साथ अच्छा नहीं रहा विधायक के निर्देशन का पालन करते हुए इनके इस व्यवहार के संबंध में जांच के बाद नियम अनुसार और कार्रवाई के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को जांच प्रतिवेदन में भेजेंगे।भ्रष्ट अधिकारियों को भी जांच प्रतिवेदन भेजेंगे।

इसके साथ ही विधायक उमाकांत शर्मा एसडीएम कार्यालय भी पहुंचे वहां पर भी एक किसान ने बताया कि 12 दिन का समय हो गया पर सीमांकन के लिए पटवारी नहीं जा रहे हैं । विधायक बोले तत्काल ऐसे पटवारी कार्रवाई करके सीमांकन करवाने की निर्देश दिए। एक विधवा महिला ने कहा कि के पति खत्म हुआ है पर जमीन उसके नाम पर नहीं कर रहा है। पटवारी परेशान कर रहा है अन्य लोगों ने शिकायत की जिस पर उन्होंने एसडीएम को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को काम करवाने के लिए इस तरह से परेशान ना होने पड़े जिनके द्वारा परेशान किया उनके खिलाफ कार्रवाई करके समय सीमा में काम करवाए पंकज के बदले में खुलेआम किसानों से अवैध वसूली की जा रही है ऑडियो वायरल होने के बाद भी कई पटवारियों के रवैया में सुधार नहीं हो रहा है। इस दौरान उनके साथ प्रशासन के अधिकारी जन भागीदारी समिति अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव, पार्षद सचिन शर्मा एवं नागरिकगण मौजूद थे।

### विधायक शर्मा ने प्रशासन के साथ लिया जायजा , तालाब में पानी आने के बाद हो सकते हैं हादसे

# तालाब का समतलीकरण: गहरीकरण के नाम पर तालाब में गड्ढे ही गड्ढे : शर्मा



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।



विधायक उमाकांत शर्मा गुरुवार को स्थानीय तालाब प्रांगण में चल रहे गहरीकरण का जायजा लेने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पहुँचे। यहाँ पर उन्होंने मशीनों से हो रहे गहरीकरण को तो ठीक बताया लेकिन गहरीकरण के तरीके को अनुचित बताते हुए कहा कि खुदाई के नाम पर जो जगह जगह गहरे गड्ढे किए है वह गलत ओर अनुचित है। इन गड्ढो में बारिश में पानी भराने के बाद पशुओं के साथ मानवजीवन को भी खतरा हो सकता है तथा दुर्घटना होने की संभावना भी बनी रहेगी। उन्होंने तत्काल एसडीएम हर्षल चौधरी को तालाब मैदान के गहरीकरण करने के स्थान पर जितनी खुदाई हो चुकी है उसके समतलीकरण करने तथा इसके साथ ही इन्होंने इस तालाब में कुछ स्थान पर शेष बची जलकुंभी को भी उखड़वाने के निर्देश दिए।

तालाब को जलमग्न बनाने के साथ सुंदर सुव्यवस्थित बनाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार के जल गंगा अभियान के अंतर्गत हो रहे इस अभियान को जनहित में आवश्यक बताते हुए कहा कि जल स्त्रोतों को संरक्षित ओर सहेजने का काम मध्यप्रदेश सरकार ने प्रारम्भ किया है। यह केवल शासन प्रशासन की ही नही अपितु प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह जल को एकत्रित करने के स्थान कुएं बाबडियो,जलाशयों,नदियों का संरक्षण करे। हमारे इस प्राचीन और ऐतिहासिक तालाब में जितना अधिक पानी एकत्रित होगा उससे इसके आसपास के पाँच छह वार्डो का जल स्तर उतना ही बढ़िया रहेगा। और जल से भरे इस तालाब से हमारा शहर की सुंदरता भी बढ़ेगी। पत्रकारों के सवालों का जबाब देते हुए उन्होंने भी इस ऐतिहासिक तालाब के सीमांकन कराए जाने पर अपनी सहमति जताते हुए कहा कि तालाब का रकबा निश्चित कम हुआ है इसका सीमांकन करने के साथ अवैध अतिक्रमण को भी हटाये जाना चाहिए। विधायक शर्मा ने तालाब में बने दशहरा मैदान के भी जलमग्न हो जाने से इसकी ऊँचाई बढ़ाने की बात कही साथ ही उन्होंने समाज के सभी वर्गों से इस तालाब को संरक्षित करने का आव्हान किया। इस दौरान उनके साथ एसडीएम हर्षल चौधरी, जन भागीदारी समिति अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव, पार्षद सचिन शर्मा, रामप्रकाश साहू आदि के साथ प्रशासन के अधिकारी तथा नागरिकगण मौजूद थे।

# वाहनों से आम जनता हो रही परेशान, ठेकेदार की लापरवाही जारी

**सिरोंज।** इमलानी मार्ग को बनाने वाले एमपी आरडीसी बिभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने तो आंखें बंद कर रखी है। इसी का फायदा सड़क बनाने वाले ठेकेदार के द्वारा उठाए जा काम करने में लापरवाही की की जा रही है इसकी सजा इस मार्ग पर आने जाने वाले लोगों को उठानी पड़ रही है । सड़क का काम एक तरफ से बनाकर दूसरी तरफ से छोड़ दिया गया है इस वजह से कीचड़ हो रही है दो पहिया वाहन से लेकर बड़े वाहन चालक की दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।



वहीं जो सड़क बनाई गई है उस पर भी एक मैकेनिक में अपनी गाड़ियों को रख दिया इस वजह से सड़क बची नहीं है । वाहन चालकों कीचड़ में से ही आना जाना पड़ रहा है। जिम्मेदारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। सड़क का काम गुणवत्ता विहीन किया जा रहा है। वहीं पुलिया बनाने में भी लापरवाही की जा रही है। वहीं सड़क पर वाहन रखने की जानकारी जैसे ही प्रदेश टुडे ने यातायात विभाग की प्रभारी रितेश बघेल को दी तो उन्होंने ने कहा कि मैं तत्काल इस मामले में कार्रवाई करवा रहा हूं सड़क पर इस तरह से वाहन रखना गलत है । जिस दुकानदार ने रखा है उसके खिलाफ कार्रवाई भी हम करेंगे।

# दीपनाखेड़ा पुलिस ने पकड़ा 1500 ग्राम गांजा, एक आरोपी को किया गिरफ्तार




**सिरोंज।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के नशा मुक्ति अभियान पर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के द्वारा नारकोटिक्स/अवांछनीय गतिविधियों पर कार्यवाही करने के निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिये गये हैं। दीपना खेड़ा पुलिस ने एसडीओपी उमेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में एक टीम का गठन करके मुखबिर सूचना प्राप्त होने पर ग्राम दीपनाखेड़ा पेट्रोल पंप के पास आम के पेड़ के नीचे एक व्यक्ति सफारी सूट में पीली तोलिया डाले गांजा बेचने की दी । पुलिस ने मौके पर पहुंच कर संदेही की तलाशी लेने पर प्रकाश उर्फ गुल्लू रघुवंशी उम्र 66 साल निवासी दीपनाखेड़ा के पास 1500 ग्राम गांजा कीमत 20000 रुपए के साथ गिरफ्तार किया है गया। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्र. 114/2024 धारा 8/20 छक्कै ।ब्ज. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है, एवं आरोपी को न्यायालय विदिशा पेश किया गया है। करवाई दीपना खेड़ा थाना प्रभारी अनुज प्रताप सिंह के साथ पुलिस टीम ने की।

**मेट्रो एंकर** ग्राम पंचायत में फैला हुआ भ्रष्टाचार अधिकारियों को दिखाई नहीं दे रहा

# ग्राम पंचायत चितावर के सचिव-सरपंच को किस के दबाव में बचा रहे है जिम्मेदार अधिकारी!



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

**भ्रष्टाचार में लिप्त सचिव-सरपंच के खिलाफ कार्यवाही करने से क्यों कतरा रहे हैं अधिकारी**

**घोड़े बेचकर सो रहे हैं जनपद पंचायत में बैठे अधिकारी**




जनपद पंचायत सिरोंज अंतर्गत आने वाली भ्रष्टाचार में लिप्त ग्राम पंचायत चितवार में फर्जी बाड़ा कर के सरपंच सचिव के द्वारा निज स्वार्थ के चलते किया गया भुगतान जिससे हजारों रुपये की चपत लगाई गई है। साफ-सफाई के नाम ग्राम पंचायत में हर तरफ बदबू मारते कचरे के ढेर नजर आते हैं,जनता की गाढ़ी कमाई को डकार ने बाले सरपंच सचिव को जनपद पंचायत में बैठे हुऐ जिम्मेदार अधिकारीयों का संरक्षण प्राप्त है देख कर तो ऐसा ही कुछ नजर आता है। कार्यवाही करने वाले जिम्मेदार अधिकारीयों के मौन को क्या समझा जाये,सरपंच पति की सचिव द्वारा वेंडर आई डी बना कर हजारों रुपये का भुगतान किया गया है। सरपंच पति के डर की वजह से ग्रामवासी कोई शिकायत कर नहीं पाते हैं,सरपंच सचिव के इस कृत्य से जनपद पंचायत तो शर्मसार हो ही रही है, विधायक की छवि भी कम धूमिल नहीं हो रही है। लेकिन जनपद में बैठे हुऐ जिम्मेदारों के पास इतनी फुर्सत कहां कि वह अपनी नैतिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करें और ग्राम पंचायत द्वारा वाउचर के माध्यम से किये गये भुगतान की जांच कर सकें। परंतु समस्या यह है कि यह पहल करे कौन,क्योंकि भ्रष्टाचार में लिप्त ग्राम पंचायतों की वजह से पूरा सिस्टम बदनाम हो रहा है चूंकि यह जांच का बिषय है। क्योंकि दिनांक 13.06.2023, कलेक्टर को एवं दिनांक 20.06.2023 को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विदिशा,एवं पुनः 19.02.2024 को कलेक्टर विदिशा से ग्राम वासियों ने सरपंच एवं रोजगार सहायक राधे श्याम कुशवाहा की लिखित शिकायत की थी परन्तु उक्त शिकायत को किसी भी अधिकारी द्वारा गंभीरता पूर्वक नहीं लिया गया। ग्राम पंचायत में सरपंच सचिव द्वारा लक्ष्मण मीना के घर से धनराज अहिरवार के घर तक नाली का स्टीमेट बनाया था, लेकिन वह नाली तो पहले से ही बनी हुई है। नयी नाली का पूरा भुगतान पुरानी नाली दर्शा कर निकाल लिया गया है,एवं इस में जा 36000 हजार का पेमेंट हुआ है। वह उसके भाई के लिये हुआ है,इसी तरह से और भी बिलों का भुगतान किया गया है डायरेक्ट पेमेंट उसके सगे भाई के नाम पर हुआ है।




# फ्रांस 14 साल बाद ग्रुप में टॉप करने से चूका

## ऑस्ट्रिया ने 3-2 से दी शिकस्त, मैच फ्रांस की टीम ने ग्रुप-डी में खेले, एक जीता और दो मैच ड्रॉ खेले



**डोर्टमंड, एजेंसी**

फ्रांस की टीम को यूरो कप 2024 के अंतिम ग्रुप मैच में पोलैंड के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेलना पड़ा। हालांकि इस ड्रॉ के बावजूद फ्रांस ने ग्रुप-डी में दूसरे स्थान पर रहते हुए अंतिम-16 में जगह बना ली। 2012 के बाद यह पहली बार है जब फ्रांस की टीम किसी मेजर टूर्नामेंट (यूरो और वर्ल्ड कप) के अपने ग्रुप में टॉप करने से चूकी है। फ्रांस ने तीन मैच खेले, एक जीता जबकि दो ड्रॉ खेले हैं। इस ग्रुप में ऑस्ट्रिया ने दो जीत और एक हार के साथ टॉप किया है। फ्रांस के पांच और ऑस्ट्रिया के छह अंक हैं।

### लेवांदोवस्की ने हार टाली लेकिन टीम बाहर

पोलैंड के रॉबर्ट लेवांदोवस्की ने 79वें मिनट में गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया, लेकिन टीम मैच विजयी गोल नहीं कर सकी और टूर्नामेंट से बाहर हो गई। पोलैंड ने तीन मैचों में एक ड्रॉ खेला और दो हारे।

### नीदरलैंड्स को मलान का आत्मघाती गोल महंगा पड़ा



**बर्लिन.** डॉनयेल मलान के आत्मघाती गोल के कारण नीदरलैंड्स को ना सिर्फ ऑस्ट्रिया के खिलाफ 2-3 से हार झेलनी पड़ी बल्कि वह अंतिम-16 में भी जगह नहीं बना सकी। नीदरलैंड्स ने तीन मैच खेले और वह एक जीत, एक हार और एक ड्रॉ के साथ ग्रुप में तीसरे स्थान पर रही। टीम को अंतिम-16 में पहुंचने के लिए जीत की दरकार थी। डच टीम को उस समय बड़ा झटका लगा, जब मैच के छठे ही मिनट में उसके खिलाड़ी डॉनयेल मलान आत्मघाती गोल कर बैठे। इससे ऑस्ट्रिया को 1-0 की अहम बढ़त मिल गई।

रोहित ने रन बनाए, कुलदीप-अक्षर ने इंग्लैंड को ऑलआउट किया, 2022 की हार का बदला पूरा

# 10 साल बाद टी-20 वर्ल्डकप फाइनल में पहुंची भारतीय टीम

**नईदिल्ली, एजेंसी**

इंडिया ने इंग्लैंड को हराकर टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में जगह बना ली है। जीत एकतरफा हासिल की। कप्तान रोहित शर्मा ने रन बनाए। कुलदीप यादव और अक्षर पटेल ने इंग्लैंड को ऑलआउट कर दिया। भारत 29 जून को रात 8 बजे द. अफ्रीका से भिड़ेगा। अफ्रीका पहली बार किसी वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंचा है।

गयाना की जिस पिच पर इंग्लिश बल्लेबाजी 103 रन पर सिमट गई, उस पिच पर रोहित की बल्लेबाजी का कॉन्फिडेंस सूर्यकुमार से कही गई एक बात से झलकता है। लियम लिविंगस्टन बॉलिंग कर रहे थे। रोहित ने सूर्या से कहा- ऊपर डालेगा तो देता हूं ना। यानी गेंद ऊपर फेंकने दो और मैं बड़ा शॉट खेलूंगा। अगली ही गेंद पर रोहित ने लिविंगस्टन को सिक्स लगाया। रोहित-सूर्या के बाद बचा हुआ काम पूरा किया कुलदीप, अक्षर और बुमराह की गेंदबाजी ने। बटलर, बेयरस्टो और ब्रुक जैसे बल्लेबाज फिरकी में उलझ गए। सॉल्ट जैसे विस्फोटक बल्लेबाज को बुमराह ने स्लोअर पर आउट कर दिया। इंडिया अब कल बारबाडोस में साउथ अफ्रीका से खिताबी मुकाबला खेलेगी, जो पहली बार किसी वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंची है। इंडिया 2007 में खिताब जीत चुकी है और 2014 का फाइनल हारी थी। 2022 में भारत को इंग्लैंड ने सेमीफाइनल में हरा दिया था। शुक्रवार को इंडिया ने इंग्लैंड को हराकर बदला पूरा किया। रोहित तब भी रोए थे और अब भी, बस वजह अलग थी।

### मैच की 2 अहम बातें...

इस वर्ल्ड कप में इंडिया ने अपने सभी मैच (सात जीते और एक रद्द) जीते हैं और फाइनल पहुंची। दूसरी ओर साउथ अफ्रीका भी अपने सभी आठ मैच जीतकर खिताबी मुकाबले में आई। रोहित शर्मा सेमीफाइनल मुकाबले में जीत के बाद (49 जीत) दुनिया के सबसे सफल टी-20 कप्तान बन गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के बाबर आजम (48 जीत) को पीछे छोड़ा।



### इंडिया की जीत की 2 वजहें

*1. रोहित-सूर्या की पार्टनरशिप*

विराट कोहली सिर्फ 9 रन बनाकर आउट हो गए थे। पावर प्ले में ही ऋषभ पंत भी सिर्फ 4 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद रोहित और सूर्यकुमार ने 50 गेंदों पर 73 रन की पारी खेलकर भारत को लड़ने लायक टोटल तक पहुंचा दिया। ये इंडिया की तरफ से सबसे बड़ी साझेदारी थी।

*2. स्पिनर्स ने इंग्लैंड को उलझाया*

इंग्लैंड ने 2 स्पिनर्स इस्तेमाल किए, लियाम लिविंगस्टन और आदिल रशीद। रशीद ने 2 विकेट लिए। भारत ने तीन स्पिनर्स इस्तेमाल किए। अक्षर, जडेजा, कुलदीप। अक्षर और कुलदीप ने 6 इंग्लिश बल्लेबाजों को आउट किया। सिर्फ 42 रन दिए, यानी हर ओवर में औसत 5 रन।

### टर्निंग पॉइंट: जोस बटलर का विकेट

इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने 15 गेंदों पर 23 रन की पारी खेली। 4 चौके लगाए। बटलर को अक्षर ने आउट कर दिया। इसी विकेट से इंग्लैंड मुश्किल में आ गई। बटलर ने 2022 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में इंडिया के खिलाफ नाबाद 80 रन की पारी खेली थी। इंडिया ये मैच हार गया था।

**फाइटर ऑफ द मैच:** हैरी ब्रूक- इंग्लैंड के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज ने 25 रन की पारी खेली। 13 गेंदों पर 3 चौके लगाकर ये रन बनाए। जब तक क्रीज पर थे, तब तक लग रहा था कि इंग्लैंड टारगटे के करीब पहुंच सकता है। उनका विकेट कुलदीप यादव ने लिया।

**मैच के बाद 3 बयान:** अक्षर पटेल ने कहा कि विकेट मदद कर रहा था इसलिए गेंद में ज्यादा पेस देने की कोशिश नहीं की। हमारे बल्लेबाजों ने बता दिया था कि इस विकेट पर हिट करना मुश्किल है।

### मैन ऑफ द मैच अक्षर

अक्षर बल्लेबाजी करने आए तो 6 गेंदों पर 10 रन की पारी खेली। एक सिक्स लगाया। पारी सिर्फ 10 रनों की थी, लेकिन इंग्लैंड पर दबाव बनाने के लिए जरूरी टोटल मिल गया। अक्षर ने 4 ओवर किए, 23 रन दिए और 3 विकेट लिए। अक्षर के चारों ओवर में विकेट गिरे। पहले ओवर की पहली ही गेंद पर इंग्लिश कप्तान जोस बटलर का विकेट लिया। दूसरे ओवर में जॉनी बेयरस्टो का विकेट लिया और तीसरे में मोईन अली का। चौथे ओवर में कुलदीप के साथ मिलकर लियाम लिविंगस्टोन को रनआउट किया।

**जीत के दूसरे हीरोज: रोहित शर्मा** इंडियन कैप्टन ने 57 रन बनाए। 4 चौके और 2 सिक्स जड़े। रोहित ने 39 गेंदों पर 146 के स्ट्राइक रेट से यह पारी खेली। इंग्लैंड के गेंदबाजों को हावी नहीं होने दिया और रनरेट कम नहीं होने दिया।

**सूर्यकुमार यादव:** सूर्या ने 47 रन की पारी खेली। 4 चौके और 2 सिक्स लगाए। रोहित के बाद टीम इंडिया की ओर से सबसे ज्यादा रन सूर्या ने ही बनाए।

चैंपियन मेडिसन कीज क्वार्टरफाइनल में

# टेनिस: चौथी वरीय अमरीकी खिलाड़ी ने यूक्रेन की कालिनीना को दी शिकस्त

**ईस्टबॉर्न (इंग्लैंड). एजेंसी**



अमरीका की चौथी वरीय और मौजूदा चैंपियन मेडिसन कीज ने यहां खेले जा रहे ईस्टबॉर्न इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। खेले गए महिला एकल में चौथी वरीय मेडिसन कीज ने राउंड ऑफ-16 में यूक्रेन की गैरवरीय आहिलीना कालिनीनी को 7-6, 6-1 से करारी शिकस्त दी। अब उनका सामना चेक गणराज्य की कैरोलीना मुचोवा से होगा।



# महंगाई की मार गांवों पर अधिक किसानों की आमदनी भी घटी

## एचएसबीसी की जारी रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**मेट्रो बाजार**

**नईदिल्ली, एजेंसी**

ग्रामीण भारत में महंगाई पीछा नहीं छोड़ रही है। विदेशी ब्रोकरेज फर्म एचएसबीसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि गांव के लोगों को महंगाई सबसे अधिक परेशान कर रही है। खाद्य पदार्थों की आसमान छूती कीमतों की वजह से ग्रामीण इलाकों में महंगाई अपने चरम पर है और शहरी कंज्यूमर्स के मुकाबले ग्रामीण उपभोक्ता महंगाई से अधिक प्रभावित हैं। भीषण गर्मी के कारण फसलों को नुकसान होने से किसानों की आमदनी घटी है। अधिक कीमत पाने के लिए ग्रामीण लोग शहरों में खुद के इस्तेमाल वाले खाद्य पदार्थों को बेच रहे हैं। इससे गांवों में आपूर्ति घटी है और महंगाई बढ़ गई है। महंगाई कम होना किसानों के लिए भी फायदेमंद है। हमें याद रखना चाहिए कि किसान भी उपभोक्ता है। गेहूं के अलावा वह अपने दैनिक जीवन के लिए कई अन्य चीजें खरीदता है। महंगाई पर ध्यान देना जरूरी है। प्रतिकूल मौसम महंगाई दर को 5 फीसदी के ऊपर ले जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, खाद्य महंगाई की स्थिति अधिक असमंजस वाली है, क्योंकि आदर्श रूप से हर किसी के मन में यह आएगा कि जब खाद्यान्न का उत्पादन गांवों में होता है तो फिर वहां शहरों में तुलना में महंगाई कम होनी चाहिए।



# भारत में शादियों पर पढ़ाई से दोगुना खर्च

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत में शादियों पर मोटा खर्च करने का चलन काफी पुराना है। यही वजह है भारत में शादी का बड़ा मार्केट बनता जा रहा है। ग्लोबल इन्वेस्टमेंट फर्म जेफरीज के मुताबिक, भारत में शादियों का बाजार 130 अरब डॉलर यानी 10.9 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। यह चीन से कम तो अमरीका के मुकाबले दोगुना है। भारतीय लोग फूड और ग्रोसरी के बाद सबसे अधिक खर्च शादियों पर करते हैं। जेफरीज का अनुमान है, भारत में एक शादी पर औसतन खर्च करीब 15,000 डॉलर (12.5 लाख रुपए) है। यानी भारतीय परिवार अपनी औसत सालाना आय 4 लाख से 3 गुना अधिक खर्च शादियों पर करते हैं। भारत में शादी पर प्रति व्यक्ति आय से 5 गुना अधिक खर्च किया जा रहा। शादी पर होने वाला खर्च प्री-प्राइमरी से लेकर ग्रेजुएशन करने तक होने वाले औसत खर्च से दोगुना है। भारत में हर साल 80 लाख से एक करोड़ शादियां होती हैं। शादियों के चलते ज्वेलरी, कपड़े, इवेंट मैनेजमेंट, कैटरिंग व एंटरटेनमेंट जैसे बिजनेस फल-फूल रहे हैं। ज्वैलरी इंडस्ट्री का 50 फीसदी से ज्यादा रेवेन्यू दुल्हन की ज्वैलरी की बिक्री से आता है।

**मनोरंजन** बॉलीवुड का कोना

# शर्मिला बोलीं- 'क्रू' फिल्म बेतुकी और समझ से परे थी, *लेकिन* एंटरटेनिंग थी



वेटरन एक्ट्रेस शर्मिला टैगोर ने बहू करीना कपूर की पिछली रिलीज फिल्म क्रू पर अपना रिएक्शन दिया है। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि फिल्म बेतुकी लेकिन अच्छी थी। एक इंटरव्यू में शर्मिला ने कहा, क्रू बेतुकी और समझ से परे फिल्म थी लेकिन एंटरटेनिंग थी। शर्मिला बोलीं, सच कहूं तो मुझे पहले भरोसा ही नहीं हुआ कि यह फिल्म इतनी अच्छी होगी। इस फिल्म की कहानी मुझे सबसे ज्यादा पसंद आई। तीन महिलाएं एक-दूसरे की मदद कर रही हैं। एक प्लेन उड़ा रही है तो दूसरी लैंड करवाने में मदद कर रही है। इस फिल्म ने उस बात को झूठा साबित किया जिसमें कहते हैं कि औरत ही औरत की दुश्मन होती है। शर्मिला ने आगे कहा कि एंटरटेनिंग होने के अलावा क्रू को कमर्शियल सक्सेस भी मिली। इसने फीमेल एक्टर्स के लिए कई बेहतरीन फिल्मों के रास्ते खोले। क्रू की सक्सेस से कई और फिल्ममेकर्स भी वुमन सेंट्रिक फिल्में बनाने के लिए प्रेरित होंगे।

### वुमन सेंट्रिक फिल्मों पर भी बोलीं शर्मिला

शर्मिला ने दीपिका पादुकोण की फिल्म पीकू और इसी साल मार्च में रिलीज हुई फिल्म लापता लेडीज की सक्सेस पर भी बात की। उन्होंने कहा कि ऐसी फिल्मों की सक्सेस से ये पता चलता है कि सिनेमा बदल रहा है और फीमेल सेंट्रिक फिल्मों को अब और सपोर्ट मिलना चाहिए। फिल्म क्रू की बात करें तो ये 29 मार्च 2024 को रिलीज हुई थी। इसने इंडियन बॉक्स-ऑफिस पर 90 करो? की कमाई की थी। इसमें करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन ने मुख्य भूमिका निभाई थी। फिल्म के डायरेक्टर राजेश ए कृष्णन थे।

# अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने की तीनों खान की तारीफ



एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने बॉलीवुड के तीनों खान के साथ काम करने के बारे में बात की है। उन्होंने सलमान खान, शाहरुख खान और आमिर खान की एक्टिंग स्टाइल और वर्किंग पैटर्न को लेकर बात की है। एक इंटरव्यू में उनसे पूछा गया कि तीनों खान में से कौन बेस्ट है तो उन्होंने किसी एक स्टार का नाम लेने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि सबकी अलग खासियत हैं। सलमान को उन्होंने मोस्ट एंटरटेनिंग करार दिया और कहा, बेशक वो रियल लाइफ में सबसे एंटरटेनिंग है, वो बेहतरीन इंसान हैं। नवाज की नजर में शाहरुख पैशनेट और आमिर परफेक्शनिस्ट हैं। जब नवाज से इन तीनों में से सबसे डेडिकेटेड एक्टर के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, शाहरुख साहब, वो बहुत पैशनेट हैं। वो तब तक कोशिश करते रहते हैं जब तक कोई चीज परफेक्ट न हो जाए। वो बहुत ही मेहनती एक्टर हैं। वो स्वभाव से भी बेहद विनम्र हैं। उनसे किसी को इंसानियत सीखनी चाहिए। आमिर के बारे में नवाज बोले, वो परफेक्शनिस्ट हैं। जिस तरह का सिनेमा उन्होंने दर्शकों को दिया है, वो अनपैरेलल है। वो रिमार्केबल इंसान हैं और बाकी सबसे ऊपर हैं। जहां तक फिल्ममेकिंग की बात है, उनका टेस्ट बहुत ही अलग और बेहतरीन है। नवाज ने इंटरव्यू में कहा कि शाहरुख, सलमान और आमिर से जलन का कोई सवाल ही नहीं है। अगर उनकी फिल्म चलती है तो इससे पूरी फिल्म इंडस्ट्री को फायदा होता है और हम जैसे लोग छोटी-मोटी फिल्में बना पाते हैं। नवाज ने सलमान के साथ फिल्म किक और बजरंगी भाईजान में काम किया है। शाहरुख के साथ वो फिल्म रईस में नजर आए हैं जबकि आमिर के साथ उन्होंने सरफरोश और तलाश जैसी फिल्में की हैं।



# रिमी सेन बोलीं- बॉलीवुड में बिना गिड़गिड़ाए काम नहीं मिलता

'हंगामा', 'धूम', 'दीवाने हुए पागल' और 'फिर हेरा-फेरी' जैसी कई हिट फिल्मों में नजर आईं एक्ट्रेस रिमी सेन 13 साल से इंडस्ट्री से गायब हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में एक्टेस ने इंडस्ट्री से दूर रहने की वजह बताई। उन्होंने कहा कि वो लगातार कॉमेडी फिल्में कर के थक गई थी। रिमी ने यह भी कहा कि बॉलीवुड में जब तक गिड़गिड़ाओ नहीं तब तक काम नहीं मिला...

### 'यहां टैलेंट स्टोर रूम में पड़ा रहता है'

रिमी सेन ने आगे कहा कि वह खुद की मार्केटिंग करने में बिल्कुल भी अच्छी नहीं थीं। वो बोलीं- 'इस इंडस्ट्री में कुछ ना कुछ दांव लगाना पड़ता है। टैलेंट बाद में आता है। आपको पहले पता होना चाहिए कि लोगों को कैसे संभालना है? वर्ना आपका टैलेंट पड़ा रहेगा स्टोर रूम में। मेरा भी पड़ा रहा क्योंकि खुद का पीआर करना नहीं आता था।'

**मैं 'जॉनी गद्दार' जैसी फिल्में करना चाहती थी:** रिमी ने कहा, 'मैं कॉमेडी फिल्में कर-करके थक गई थी। मेरे लिए ज्यादा रोल नहीं हुआ करते थे। इस तरह की फिल्मों में मेरा सिर्फ फर्नीचर का रोल होता था। वहीं हंगामा और जॉनी गद्दार जैसी कुछ फिल्मों में मेरा अच्छा रोल था तो उसमें जॉनी गद्दार चली। मैं वैसा ही काम करना चाहती थी।'

**'यहां सभी अपना फायदा देखकर मदद करते हैं':** रिमी ने बताया कि वो इन एक्टर्स के भी संपर्क में नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'मैं किसी से मदद नहीं मांग सकती। इंडस्ट्री में जब तक गिड़गिड़ाओ नहीं, मदद नहीं मिलती है। दूसरे लोग अपना फायदा क्यों नहीं देखेंगे? कोई किसी की मदद करने के लिए क्यों आगे आएगा?'

# भेलकर्मी की पत्नी ने मायके में फांसी लगाकर की आत्महत्या

## एक साल पूर्व ससुराल में भी कर चुकी थी फांसी लगाने का प्रयास

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित सुभाष कॉलोनी में गुरुवार शाम एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि उसका मानसिक संतुलन करीब दो साल से बिगड़ा हुआ था और एक साल पूर्व वह अपने ससुराल में भी फांसी लगाने का प्रयास कर चुकी थी।



पुलिस के अनुसार मीनाक्षी पाटिल पति बृजेश पाटिल (40) पी 108, सुभाष कॉलोनी, अशोका गार्डन में रहती थी। उसकी शादी वर्ष 2005 में शासकीय क्वार्टर, भेल निवासी बृजेश पाटिल से हुईड़थी। बृजेश भेल में नौकरी करते हैं। बृजेश और मिनाक्षी के 13 और 17 साल की बेटी और बेटा है। मिनाक्षी का करीब दो साल से मानसिक संतुलन बिगड़ गया था। गत वर्ष वह अपने ससुराल में थी और उसने फांसी लगाने का प्रयास किया। नजर पड़ने के कारण वह फांसी नहीं लगा सकी थी। पति ने उसे सुभाष नगर स्थित मायके में छोड़ दिया था। मृतिका के भाई किशोर पाटिल ने पुलिस को सूचना दी थी कि मिनाक्षी ने गुरुवार शाम अपने कमरे में फांसी लगा ली है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थ्ल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने मिनाक्षी का शव पीएम के लिए भेज दिया है। आज शुक्रवार को शव पीएम के बाद परिजन को सौंपा गया।

### युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या



निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित पूजा कॉलोनी में गुरुवार रात एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उल्टियां करने पर परिजन उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने कुछ ही देर बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया था। पुलिस शोकाकुल परिजन अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है। लिहाजा आत्महत्या की वजह साफ नहीं हो सकी है। पुलिस जल्द ही परिजन के बयान दर्ज कर आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास करेगी। पुलिस ने बताया कि अभिषेक सेन पिता गणेश सेन (25) पूजा कॉलोनी, निशातपुरा में रहता था और प्राइवेट काम करता था। गुरुवार शाम उसने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। वह उल्टियां कर रहा था। परिजन ने उससे उल्टियां करने का कारण पूछा तो उसने बताया कि गेहूं में रखने वाली जहरीली दवाई खा ली है। परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन रास्ते में ही उसकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई थी। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने उसका तत्काल इलाज शुरू किया, लेकिन उसकी जान बच नहीं सकी।

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी



बैरसिया में रहने वाले एक युवक ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के मुताबिक पृथ्वीराज अहिरवार (35) ग्राम बरखेड़ा बरामद में रहता था और खेती किसानी के साथ मजदूरी करता था। परिवार में पत्नी के अलावा तीन बच्चे हैं। गुरुवार को पत्नी बच्चों को लेकर गांव में ही किसी के घर गई थी। दोपहर करीब बारह बजे लौटी तो पृथ्वीराज फांसी के फंदे पर लटका मिला. उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिए बैरसिया अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजन के बयान होने के बाद ही फांसी लगाने के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## कार ने बाइक सवार किसान को मारी टक्कर, मौत

### गुनगा स्थित दुपाड़िया पुलिया के पास हुआ हादसा




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित गांव दुपाड़िया पुलिया के पास गुरुवार शाम कार ने बाइक सवार किसान को टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में किसान की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसान का शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया था। शुक्रवार को किसान के शव का पीएम कराने के बाद परिजन को सौंप दिया गया है। एएसआई राजेश दंडोतिया ने बताया कि सनमान सिंह पिता जैतराम (52) चिकलौद कला, रायसेन का रहने वालाड़था और खेती किसानी करता था। गुरुवार को वह बाइक से भोपाल गया था और बैरसिया जा रहा था। इस दौरान दुपाड़िया पुलिया के पास शाम करीब छह बजे के आसपास की उसकी बाइक को कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से किसान सनमान की मौके पर ही मौत हो गई थी। टक्कर मारने के बाद कार का चालक कार लेकर भाग निकला। इधर, सनमान की लाश पीएम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैरसिया पहुंचाई गई थी। हादसे की सूचना मिलने के बाद उसके परिजन भी पहुंच गए थे।

## बाइक की टक्कर से स्कूटर सवार दंपति हो गए घायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कोहेफिजा इलाके में बाइक की टक्कर से स्कूटर सवार दंपति घायल हो गए। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी का पता लगाया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक रिजोई मैथ्यू (35) मूलतः केरला के हैं। फिलहाल वह बैरागढ़ में रहते हैं और ड्रायवरी करते हैं। रविवार की शाम करीब छह बजे रिजोई अपनी पत्नी जोस्मी जार्ज के साथ हमीदिया अस्पताल से बैरागढ़ की तरफ जा रहे थे। स्टेट बैंक चौराहा स्थित ब्रिज से उतरते समय वह पंचायत आफिस के सामने पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे बाइक चालक ने उनकी स्कूटर को टक्कर मार दी. टक्कर लगते ही दंपति सड़क पर गिर पड़े, तभी टक्कर मारने वाला बाइक सवार वाहन लेकर भाग निकला। इस हादसे में रिजोई की पत्नी को गंभीर चोट आई थी। राहगीरों ने इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्होंने निजी अस्पताल जाकर इलाज करवाया. बुधवार को थाने जाकर एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज कराई।

## ऑटो की टक्कर से स्कूटर सवार कारोबारी घायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कोहेफिजा इलाके में आटो की टक्कर से स्कूटर सवार कारोबारी घायल हो गए। पुलिस ने अज्ञात आटो चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। पुलिस के मुताबक ललित गुरुवानी (48) इंद्रविहार कालोनी में रहते हैं और फर्नीचर का कारोबार करते हैं। मंगलवार रात करीब दस बजे वह स्कूटर से घर लौट रहे थे। सिंगारचोली मेन रोड स्थित मंदिर के सामने एयरपोर्ट रोड पर पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात आटो चालक ने उनकी स्कूटर को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ललित स्कूटर समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गए। उनके हाथ-पैर और सिर में चोट लगी। निजी अस्पताल में इलाज कराने के बाद बुधवार को उन्होंने थाने जाकर एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज करवाई।

## बदमाश ने घर में घुसकर की अड़ीबाजी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कमला नगर में बदमाश ने घर में घुसकर शराब के लिए अड़ीबाजी की और रुपये नहीं देने पर मां को छुरी मार दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक योगेंद्र गौहर कमला नगर में रहता है। बुधवार की दोपहर करीब तीन बजे गोलू नामक बदमाश उसके घर में घुस गया और शराब के लिए एक हजार रुपये मांगने लगा। योगेंद्र ने जब रुपए देने से मना किया तो वह छुरी मारने की धमकी देने लगा। मां और बहन बचाने पहुंची तो गोलू ने उनके साथ मारपीट कर दी। आरोपी ने योगेंद्र की मां के हाथ में छुरी से भी वार किया, जिससे उनकी उंगली में गंभीर चोट आई।

**एटीएम बूथ में कार्ड फंसने पर रहे सावधान**

## एटीएम बूथ पर भी जालसाजों ने लिख लिए अपने नंबर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कोलार रोड पर रहने वाले एक युवक ने दानिश कुंज के एटीएम से पैसे निकालने का प्रयास किया तो कार्ड मशीन के अंदर फंस गया। युवक ने बूथ पर लिखे नंबर पर संपर्क किया तो पिन नंबर डालने के बाद कार्ड बाहर आ गया, लेकिन अगले दिन पता चला कि उनके खाते से दूसरे एटीएम से रुपए निकाल लिए गए। इस प्रकार की और भी घटनाएं लोगों के साथ हो चुकी हैं।



जानकारी के अनुसार सर्वधर्म कालोनी कोलार रोड निवासी सुनील मालवीय एक संस्थान में नौकरी करते हैं। उनकी मां शासकीय कर्मचारी हैं। पिछले दिनों वह मां का एटीएम कार्ड लेकर दानिश कुंज स्थित बूथ पर रुपए निकालने पहुंचे। यहां उन्होंने कार्ड लगाया तो वह मशीन में फंस गया। काफी प्रयास करने के बाद भी जब कार्ड नहीं निकला तो उनकी नजर बूथ पर कागज में लिखे मोबाइल नंबर पर पड़ी। उन्होंने दिए गए नंबर पर संपर्क किया तो बात करने वाले ने कुछ बटन दबाने के बाद पिन नंबर डालने का कहा। सुनील ने जैसे ही अपना पिन एंटर किया, वैसे ही उनका कार्ड मशीन से बाहर आ गया। बातचीत करने वाला तब तक लाइन पर ही बना रहा। उसने बताया कि अगले 24 घंटे तक यह एटीएम काम नहीं करेगा, इसलिए वह कार्ड लेकर घर चले गए। दूसरे एटीएम से निकल गए 14 हजार 900 रुपए सुनील के खाते से रुपये निकलने का मैसेज आया तो उनकी मां पासबुक में एंट्री कराने के लिए बैंक पहुंचा। वहां पता चला कि एटीएम कार्ड फंसने के अगले दिन नारायण नगर स्थित एटीएम बूथ से उनके खाते से एक बार 10 हजार और दूसरी बार 4 हजार 900 रुपए निकाले गए हैं। उसके बाद सुनील की मां ने अपना एटीएम ब्लाक करवाया। दूसरे युवक के खाते से निकले 40 हजार इसी प्रकार की घटना किशोर डांगे के साथ हुई। वह एक शासकीय कार्यालय में नौकरी करते हैं। बीती 23 जून को दानिश कुंज के एटीएम पर रुपए निकालने पहुंचे तो कार्ड फंस गया. एक युवक ने बताया कि बूथ पर लिखे कस्टमर केयर नंबर पर संपर्क कर लें। उन्होंने संपर्क किया तो पिन नंबर डालने के बाद उनका कार्ड मशीन से बाहर आ गया, लेकिन कुछ घंटों के बाद एकाउंट से 40 हजार रुपये कट गए. किशोर ने इसकी शिकायत कोलार पुलिस से की है।

## खेल प्रतियोगिताओं में विभिन्न वाहिनियों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक किया प्रतिभाग

**भोपाल।** प्रदेश में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस का शारीरिक रूप से दक्ष होना जरूरी है। मध्यप्रदेश पुलिस नागरिकों की सुरक्षा के साथ ही अपनी शारीरिक क्षमताओं को बड़ाते हुए व्यावसायिक दक्षता भी सिद्ध कर रही है। इसी तारतम्य में 7वीं वाहिनी विसबल द्वारा भोपाल के लाल परेड मैदान स्थित मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में 25 से 28 जून तक चार दिवसीय विशेष सशस्त्र बल (विसबल) दक्षिणी क्षेत्र अन्तर वाहिनी क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के तृतीय दिवस भी खिलाड़ियों में खेल भावना जाग्रत करने और उन्हें व्यावसायिक रूप से दक्ष बनाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। 27 जून को हैमर थ्रो, रिले रेस, लंबी कूद, फुटबॉल, सेपक टेकरो, बास्केटबॉल, 20 किमी पैदल चाल, हर्डल्स, 800 मीटर दौड़, खो-खो और हॉकी सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। प्रदेश की विभिन्न वाहिनियों के खिलाड़ियों ने इन प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इन प्रतियोगिताओं में निम्न प्रतिभागियों ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## एसपी देहात ने बताई नए कानूनों की बारीकियां

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

आगामी एक जुलाई से देशभर में नए कानून के रूप में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू होने जा रहा है। इसके कुशल क्रियान्वयन के लिए एसपी देहात के कार्यालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में समस्त अधिकारियों के साथ सभी थानों के थाना प्रभारी उपस्थित रहे। एसपी देहात प्रमोद कुमार सिन्हा ने पुलिस अधिकारियों को कानून में समावेशित नवीन प्रावधान और पूर्व धाराओं में हुए परिवर्तनों के बारे में विस्तार से समझाया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. नीरज चौरसिया ने तलाशी के संबंध में हुई तकनीकी संशोधन के विषय में प्रशिक्षण दिया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बैरसिया आनंद कलादगी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ईटखेड़ी मंजू चौहान, अनुविभागीय अधिकारी बिलखिरिया प्रिया सिंधी समेत समस्त थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

**मेट्रो एंकर** **मप्र पुलिस की प्रशिक्षण शाखा ने योजनाबद्ध तरीके से किया प्रशिक्षित**

# नए कानून को बेहतर तरीके से लागू कराने, 6 महीने में 60 हजार पुलिसकर्मी व अधिकारी प्रशिक्षित

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



देशभर में 1 जुलाई से न्याय केंद्रित तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू होने जा रहे हैं। स्वतंत्रता के बाद पहली बार कानूनों को दंड नहीं, बल्कि न्याय केंद्रित किया है। पीड़ितों को सुलभ और त्वरित न्याय दिलाने के लिए मध्यप्रदेश पुलिस ने 6 महीने की कड़ी मेहनत के बाद 60 हजार से अधिक पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण शाखा द्वारा 302 मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया गया, इन मास्टर ट्रेनर के माध्यम से योजनाबद्ध तरीके से पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ-साथ लगातार जिलों में आरक्षक से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों तक को प्रशिक्षित किया गया।

### सेमिनार में दिया प्रशिक्षण, थानों में हुए मॉक टेस्ट

पुराने कानूनों के आधार पर विवेचना करते आए अधिकारियों और कर्मचारियों को नए कानूनों से अवगत कराने के लिए प्रशिक्षण शालाओं, सेमिनारों और कार्य शालाओं का आयोजन जोन से लेकर थाना, चौकी स्तर तक किया गया। प्रशिक्षण के लिए जिला स्तर पर कई नवाचार भी सामने आए। जिलों में एफएक्यू और मॉक टेस्ट के आयोजन से भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही कानूनों के संबंध में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों से प्रश्न-पत्र हल कराए गए। इसके अलावा थाने में अधिकारियों और कर्मचारियों ने समूह चर्चा कर कानूनों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

### 31 हजार से अधिक विवेचकों को दिया प्रशिक्षण

पीड़ितों को सुलभता से न्याय प्रदान करने के लिए घटना की विवेचना में कोई रुकावट न आए, इसके लिए मध्यप्रदेश पुलिस ने 31 हजार से अधिक विवेचकों को प्रशिक्षित भी किया गया है। इसके अलावा सभी जिलों में क्राइम एंड क्रिमनल ट्रेकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) का संचालन करने वाले पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को भी प्रशिक्षित किया गया है कि वे दैनिक रिपोर्ट सीसीटीएनएस में किस तरह दर्ज करें।

### जनजागरुकता के लिए किया जा रहा प्रचार-प्रसार

पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों के साथ-साथ नागरिक भी नए कानूनों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें, इसके लिए सभी थानों में पैम्फलेट, बैनर आदि लगाए हैं इसके अलावा मप्र पुलिस के अधिकृत वेबसाइट और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एनिमेशन वीडियो और शॉर्ट फिल्म अपलोड की गई हैं।

**अन्य इकाइयों को भी किया जाएगा प्रशिक्षित :** मप्र पुलिस की प्रशिक्षण शाखा द्वारा भौंरी, भोपाल स्थित मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी, पुलिस मुख्यालय, भोपाल एवं इंदौर पुलिस कमिश्नरेट, पीटीआरआई, पुलिस प्रशिक्षण शालाओं, जिला पुलिस मुख्यालयों और थानों में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया है। आगामी समय में हर महीने पुलिस की अन्य इकाइयों को भी योजनाबद्ध तरीके से प्रशिक्षित किया जाएगा।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022